CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति " ।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 44 | अंक - 298 | राजनांदगांव, बुधवार 17 सितम्बर 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए




# देहरादून में बादल फटा: सहस्त्रधारा में टपकेश्वर मंदिर डूबा; 7 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट



नई दिल्ली। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में सोमवार देर रात (15-16 सितंबर) से लगातार हो रही बारिश ने रिकॉर्ड तोड़ दिया। सहस्त्रधारा के कार्लीगाड़ क्षेत्र में करीब 11.30 बजे बादल फटने से भारी नुकसान हुआ।

अचानक आई बाढ़ ने कई दुकानें, होटल, रिसॉर्ट और घरों को बहा दिया। मलबा और तेज बहाव के कारण सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं, जबकि वाहन और संपत्ति का भारी नुकसान हुआ। जिला प्रशासन के अनुसार, 100 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया, लेकिन दो लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं।

### टपकेश्वर महादेव मंदिर का हाल

तमसा नदी उफान पर आ गई, जिससे टपकेश्वर महादेव मंदिर परिसर जलमग्न हो गया। पुजारी आचार्य बिपिन जोशी ने बताया कि सुबह 5 बजे से नदी में तेज बहाव शुरू हो गया। मंदिर का गर्भगृह सुरक्षित है, लेकिन परिसर में भारी जलभराव हो गया। ऐसी स्थिति दशकों बाद देखने को मिली। लोगों को नदियों के पास न जाने की सलाह दी जाती है। जान-माल के नुकसान की कोई पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन मंदिर के आसपास के इलाकों में संपर्क मार्ग कट गए हैं।

प्रेम नगर में पुल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इसमें आवागमन अवरुद्ध है। मालदेवता में सड़क का लगभग 100 मीटर हिस्सा नदी में समा गया। देहरादून-हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग पर फन वैली और उत्तराखंड डेंटल कॉलेज के पास एक पुल भी क्षतिग्रस्त हो गया। शहर की गलियों में नदियां बहने लगीं, और कई जगहों पर बिजली-पानी की आपूर्ति बाधित हो गई।

### मुख्यमंत्री धामी ने किया स्थलीय निरीक्षण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सुबह प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कहा, बारिश से घरों, सरकारी संपत्तियों और संपर्क मार्गों को भारी नुकसान हुआ है। नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। जिला प्रशासन, एसडीआरएफ और पुलिस राहत कार्यों में जुटे हैं। हम प्रभावित परिवारों के साथ खड़े हैं। हर संभव मदद पहुंचा रहे हैं। सीएम ने ईश्वर से सभी की सकुशलता की प्रार्थना की।

### मसूरी में सड़कें टूटीं, मकान ढहे, 2 की मौत

पहाड़ों की रानी मसूरी में बारिश ने तांडव मचा दिया। देर रात की मूसलाधार वर्षा से लैंडस्लाइड हुआ। इससे मसूरी-देहरादून मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। कोलू खेत के पास सड़क का बड़ा हिस्सा टूट गया, जबकि गलेगी पावर हाउस से 200 मीटर आगे सड़क धंस गई। वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। झड़ीपानी शॉर्टकट रोड पर एक मकान में मलबा घुस आने से दो नेपाली मूल के मजदूर प्रभावित हुए। राम बहादुर (41 वर्ष) की मौके पर मौत हो गई, जबकि अर्जुन (40 वर्ष) गंभीर रूप से घायल है। उनका इलाज मसूरी उप-जिला चिकित्सालय में चल रहा है।

### गाड़ियां क्षतिग्रस्त, मोबाइल नेटवर्क बाधित

बाढ़, बारिश और लैंड स्लाइड से गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। बिजली, पानी और मोबाइल नेटवर्क बाधित है। लोग घरों में कैद हो गए। प्रशासन ने जेसीबी मशीनों से मलबा हटाने का काम शुरू कर दिया है। पुलिस पेट्रोलिंग कर फंसे लोगों को निकाल रही है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि बारिश में हर साल यही होता है, लेकिन इस बार हालात बेहद खतरनाक हैं। सरकार से तत्काल राहत और स्थायी समाधान की मांग है। (शेष पृष्ठ 7 पर...)

# पाकिस्तान ने ही ट्रंप के दावे की खोल दी पोल, कहा- भारत ने ठुकरा दिया था मध्यस्थता का प्रस्ताव



नई दिल्ली। पाकिस्तान के विदेश मंत्री और उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम कराने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे की पोल खोल दी। पाकिस्तान विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने मई में भारत-पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य संघर्ष के दौरान उनसे कहा था कि भारत ने युद्ध विराम के लिए तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से इनकार कर दिया, क्योंकि यह दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय मुद्दा है।

### हमें तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से कोई आपत्ति नहीं पाकिस्तान

एक विदेशी चैनल को दिए साक्षात्कार में डार ने कहा कि जब उन्होंने रुबियो से सैन्य संघर्ष के दौरान भारत के साथ तीसरे पक्ष की मध्यस्थता के बारे में पूछा तो अमेरिकी अधिकारी ने उन्हें बताया कि नई दिल्ली ने इससे इनकार कर दिया है क्योंकि यह एक द्विपक्षीय मामला है। उन्होंने कहा कि हमें तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन भारत इसे द्विपक्षीय मुद्दा कह रहा है। हमें द्विपक्षीय मध्यस्थता से भी कोई आपत्ति नहीं है। जब मैं 25 जुलाई को वॉशिंगटन में विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मिला तो मैंने उनसे पूछा कि वार्ता का क्या हुआ? इस पर मार्को रुबियो ने कहा कि भारत का कहना है कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है।

### पाकिस्तान बातचीत के लिए तैयार

पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने कहा कि हम द्विपक्षीय वार्ता के लिए तैयार हैं, लेकिन हम बातचीत के लिए भीख नहीं मांगेंगे। हम किसी चीज की भीख नहीं मांग रहे हैं। अगर कोई देश बातचीत चाहता है तो हमें खुशी होगी। हम उसका स्वागत करते हैं। हम एक शांतिप्रिय देश हैं। हमारा मानना है कि बातचीत ही आगे बढ़ने का रास्ता है। बातचीत के लिए दो लोगों की जरूरत होती है। जब तक भारत बातचीत की इच्छा नहीं रखता, हम उसे मजबूर नहीं कर सकते। 10 मई को भारत-पाकिस्तान में संघर्ष विराम के बाद से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 30 से ज्यादा बार दोनों देशों में संघर्ष विराम कराने का दावा कर चुके हैं। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के समाधान में मदद की और दोनों देशों से कहा कि अगर वे संघर्ष रोक दें तो अमेरिका उनके साथ व्यापार बढ़ाएगा। (शेष पृष्ठ 7 पर...)

# युद्ध की पारंपरिक अवधारणाओं से आगे बढ़ें, भारतीय सशस्त्र बलों के सम्मेलन में बोले राजनाथ सिंह



कोलकाता। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को सशस्त्र बलों से युद्ध की पारंपरिक अवधारणाओं से आगे बढ़ने और सूचना, वैचारिक, पारिस्थितिक व जैविक युद्ध जैसे अपरंपरागत व अदृश्य खतरों से निपटने के लिए हमेशा सतर्क और तैयार रहने का आह्वान किया।

कोलकाता में सेना की पूर्वी कमान मुख्यालय विजय दुर्ग में आयोजित भारतीय सशस्त्र बलों के 16वें संयुक्त कमांडर सम्मेलन (सीसीसी) को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वैश्विक अस्थिरता, क्षेत्रीय संकट और बदलते सुरक्षा परिदृश्य के बीच हमें निरंतर यह आकलन करते रहना होगा कि विश्व में हो रहे बदलाव भारत की सुरक्षा व्यवस्था को किस प्रकार प्रभावित कर रहे हैं। तीन दिवसीय सम्मेलन के दूसरे दिन शीर्ष कमांडरों को संबोधित करते हुए सिंह ने जोर देकर कहा कि युद्ध का स्वरूप निरंतर बदल रहा है। आज के युद्ध इतने अचानक और अप्रत्याशित होते हैं कि उनकी अवधि का अनुमान लगाना भी मुश्किल है- यह दो महीने, एक साल या पांच साल तक भी चल सकते हैं। ऐसे में हमें तैयार रहने की जरूरत है। हमें आपातकालीन सैन्य क्षमता पर्याप्त बनाए रखना जरूरी है।

### आज की सेना तकनीक-समर्थ हो

उन्होंने कहा कि आज की सेना को तकनीक-समर्थ होना चाहिए। भारत के रक्षा क्षेत्र को आक्रामक और रक्षात्मक क्षमताओं का सम्मिश्रण बताते हुए उन्होंने सैन्य कमांडरों से सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परिकल्पित सुदर्शन चक्र का निर्माण करने की दिशा में प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इसके लिए एक समिति गठित की गई है। उन्होंने इस दृष्टिकोण को साकार करने के लिए अगले पांच और दस वर्षों के लिए एक मध्यम अवधि एवं दीर्घकालिक योजना बनाने का सुझाव दिया। रक्षा मंत्री ने देश के रक्षा क्षेत्र को आधुनिकीकरण, परिचालन तत्परता, तकनीकी श्रेष्ठता और विश्वसनीय प्रतिरोधक क्षमता पर केंद्रित बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा सोमवार को (शेष पृष्ठ 7 पर...)

# गेनजेड प्रदर्शन: जेल से भाग गये नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री



रक्सौल (पूच)। नेपाल के पर्सा जिला वीरगंज से मिली जानकारी के अनुसार 9 व 10 सितंबर को हुए जेन-जी आंदोलन व प्रदर्शनों का लाभ उठाकर देशभर की विभिन्न जेलों से 14 हजार से अधिक कैदी फरार हो गए थे। इनमें से अब तक 4 हजार 774 कैदी ही संपर्क में आ पाए हैं।

कारागार प्रबंधन विभाग के सूचना अधिकारी सेदेश प्रसाद जोशी ने बताया कि अधिकांश कैदी स्वेच्छा से लौट आए हैं, जबकि कुछ को पुलिस ने पकड़ लिया है।

आंदोलन के दौरान 10 सितंबर को जेलों में भारी अराजकता फैल गई थी। इसी बीच काठमांडू स्थित केंद्रीय कारागार, जगन्नाथ देवल से ही 3 हजार 500 से अधिक कैदी भाग निकले। फरार कैदियों में नकली भूटानी शरणार्थी प्रकरण में गिरफ्तार पूर्व उपप्रधानमंत्री व यूएमएल नेता टोपबहादुर रायमाझी भी शामिल हैं।

केंद्रीय कारागार के जेलर कृष्ण कटुवाल ने बताया कि रायमाझी ने असुरक्षा के कारण बाहर जाने की बात कही थी और कुछ दिनों में लौटने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक वे संपर्क में नहीं आए हैं। इसी तरह, नख्खु जेल से भागे राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (रास्वपा) के अध्यक्ष व पूर्व गृहमंत्री रवि लामिछाने ने खुद को जेल में हाजिर करा दिया है। वहीं, नेपाल के डिल्ली बाजार कारागार में बंद पूर्व प्रांतीय मंत्री दीपक मनाडे (शेष पृष्ठ 7 पर...)

# 25 फीसदी टैरिफ खत्म करो, ट्रेड डील पर भारत-अमेरिका के बीच हुआ मंथन



नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते से जुड़ी बातचीत का गतिरोध समाप्त होता दिख रहा है। बातचीत सकारात्मक दिशा में अग्रसर हो रही है जो आगे भी जारी रहेगी। दोनों देशों ने आपसी लाभ से जुड़े व्यापार समझौते को जल्द पूरा करने की दिशा में सहमति जताई है।

मंगलवार को नई दिल्ली में अमेरिका के मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच और भारत के मुख्य वार्ताकार व वाणिज्य मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापार संबंधी बातचीत की गई। व्यापार समझौते को लेकर भारत और अमेरिका के बीच जारी वार्ता के अगले चरण को शुरू करने के लिए गत 25 अगस्त को अमेरिकी दल को भारत आना था जिसे टाल दिया गया था। गत 27 अगस्त से अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने का कारण बताते हुए भारत पर और 25 प्रतिशत का शुल्क लगा दिया। इस दौरान अमेरिका और भारत के बीच संबंध तल्ख होते दिख रहे थे। इन सभी वजहों से मंगलवार को हुई बातचीत काफी अहम बताई जा रही है। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक बातचीत के दौरान दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के महत्व को समझते हुए इसे आगे बढ़ाने की दिशा में अपने-अपने प्रयासों को तेज करने का फैसला किया।

बीटीए शुरू करने के दौरान अक्टूबर तक समझौते के पहले चरण को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। वार्ता के दौरान दोनों देशों ने माना कि व्यापार समझौता एक-दूसरे के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण है और उसे जल्द पूरा किया जाना चाहिए। गत मार्च में दोनों देशों के बीच बीटीए को लेकर वार्ता शुरू की गई थी और अब तक इस वार्ता के पांच चरण हो चुके हैं। छठे चरण की औपचारिक शुरुआत व अन्य व्यापारिक गतिरोध को लेकर ही मंगलवार को दोनों पक्षों के बीच बैठक का आयोजन किया गया था। (शेष पृष्ठ 7 पर...)

# 2047 का विजन तभी सफल, जब देश हो नशा मुक्त, NCB सम्मेलन में शाह बोले- युवा पीढ़ी देश की नींव



नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार देश से ड्रग्स के खतरे को पूरी तरह मिटाने के लिए दृढ़ संकल्पित है और इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। वे राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) प्रमुखों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन का आयोजन नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने किया।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक भारत को एक विकसित और महान राष्ट्र बनाने का लक्ष्य तय किया है। इस सपने को पूरा करने के लिए देश का सुरक्षित होना जरूरी है और सुरक्षा तभी संभव है जब युवा पीढ़ी को ड्रग्स के खतरे से बचाया जाए। उन्होंने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की नींव होते हैं और यदि वे नशे की चपेट में आ जाएंगे तो देश कमजोर हो जाएगा।

### ड्रग्स के खिलाफ कड़ा अभियान जरूरी

गृह मंत्री ने कहा कि अब समय आ गया है कि ड्रग्स के खिलाफ कार्रवाई का पैमाना बड़ा किया जाए ताकि आने वाले दिनों में ज्यादा सफलता मिले। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में यह देखा गया है कि किसी राष्ट्र की प्रगति और ड्रग्स की चुनौती का सीधा संबंध है। दुर्भाग्य से, जिन दो क्षेत्रों से पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा ड्रग्स की सप्लाई होती है, वे भारत के नजदीक हैं। इसलिए यह समय है कि हम इस खतरे के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ें।

### ड्रग्स के तीन तरह के कार्टेल

शाह ने कहा कि ड्रग्स के कारोबार में तीन तरह के कार्टेल सक्रिय हैं। पहला, वे कार्टेल जो देश के एंट्री पॉइंट्स पर काम करते हैं। दूसरा, वे जो एंट्री पॉइंट से राज्यों तक सप्लाई नेटवर्क संभालते हैं। तीसरा, वे छोटे स्तर के कार्टेल जो पान की दुकानों और मोहल्लों तक ड्रग्स बेचने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि इन तीनों स्तरों पर सख्त प्रहार करना होगा और यह तभी संभव है जब अधिकारी इसे अपनी लड़ाई समझकर आगे बढ़ें।

### विदेशी तस्करों पर कार्रवाई

गृह मंत्री ने कहा कि ड्रग्स कारोबार में शामिल विदेश में बैठे अपराधियों को कानून के दायरे में लाना अब बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने इस दिशा में अच्छा काम किया है। शाह ने सभी हृअस्र प्रमुखों से अपील की कि वे सीबीआई से समन्वय कर प्रत्यर्पण की एक मजबूत व्यवस्था बनाएं। उन्होंने यह भी कहा कि जो अपराधी जेलों में बंद हैं लेकिन वहीं से कारोबार चला रहे हैं, उनके खिलाफ भी कड़ा कदम उठाना होगा। गृह मंत्रालय इस पर मानक संचालन प्रक्रिया (शेष पृष्ठ 7 पर...)




CMYK

## पहला कॉलम...

### कलेक्टर ने जनदर्शन में पहुंचे जनसामान्य की सुनी शिकायत एवं समस्याएं



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को संवेदनशीलतापूर्वक सुना। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, आबादी पट्टा, नामांतरण, अतिक्रमण हटाने, ऑनलाईन राजस्व रिकार्ड दुरूस्त करने, आधार कार्ड में अपडेशन सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थी।

### महाकाल यात्रा सकुशल लौटी जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

राजनांदगांव (दावा)। द्वारका-सोमनाथ की पावन यात्रा पर निकली राजनांदगांव महाकाल यात्रा सकुशल वापस लौट आई। यात्रा के दौरान जाते और आते समय विभिन्न स्थानों पर बाबा महाकाल के भक्तों ने श्रद्धालुओं का जोरदार स्वागत किया। यात्रा के दौरान जाते समय बडनेरा, अकोला राजकोट, बड़ौदा और अहमदाबाद में श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया गया। वहीं द्वारका पहुंचने पर और वापसी के दौरान राजकोट बड़ौदा अकोला एवं बडनेरा, जामनगर में भी महाकाल भक्तों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। शहर लौटने पर रेलवे स्टेशन पर गौरी नगर एवं स्टेशन पारा के संजीव बघेल व उनकी टीम के महाकाल भक्तों ने फूल-मालाओं और 'जय महाकाल' के जयघोष के साथ यात्रियों का स्वागत किया।



चेयरमैन राजा माखीजा, समाजसेवक भावेश अग्रवाल, सिंधी पंचायत के अनिल तेजवानी, राजेश तेजवानी, मुरली फगवानी, कमल पंजवानी सहित अनेक सामाजिक बंधु स्वागत में उपस्थित रहे। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था की ओर से मुरलीधर सोमानी ने भागीदारी निभाई। यात्रा के दौरान जनप्रतिनिधि, प्रशासन, पत्रकार बंधुओं और रेलवे प्रशासन ने विशेष सहयोग प्रदान किया। महाकाल यात्रा ने न केवल धार्मिक आस्था को प्रगाढ़ किया, बल्कि समाज में आपसी सद्भाव, सहयोग और भाईचारे का सुंदर उदाहरण भी प्रस्तुत किया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

### टुमलाल वर्मा का निधन



घुमका (दावा)। लोधी समाज के घुमका प्रधान टुमलाल वर्मा का दिनांक 16 सितंबर दिन मंगलवार को निधन हो गया। वे 62 वर्ष के थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। श्री वर्मा सामाजिक कार्यों व राजनीतिक क्षेत्रों में हमेशा सक्रिय रहे।









# एक के बाद एक परिवार के तीन लोगों की करेंट लगने से दर्दनाक मौत

### मां-बाप बेटा चिपके करट से, परिवार सहित वनांचल सदमे में

#### मोहला विकासखंड के पाटन खास थाना क्षेत्र के ग्राम पागरी का है मामला



अम्बागढ़ चौकी(दावा)। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के थाना पाटन खास अंतर्गत ग्राम पंचायत टाटेकसा के आश्रित ग्राम खैरी पांगरी गांव मे देर रात दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक ही परिवार के मां, बाप, बेटा तीन सदस्यों की धारा प्रवाह बिजली करेंट मे चिपकने से दर्दनाक मौत हो गई है। घटनास्थल से सभी मृतको का शव पोस्टमार्टम के लिए अंबागढ़ चौकी मुख्यालय लाया गया । आज देर शाम तक गांव मे आदिवासी परिवार के तीन सदस्यों का एक साथ दर्द के बीच अंतिम संस्कार किया गया है।

पाटन खास थाना प्रभारी गणेश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात को पागरी गांव में निवासरत गोड आदिवासी बोगा परिवार का गांव से 1 किलोमीटर दूर कोठार बाड़ी है जहां वे लोग मुर्गा मुर्गी का भी पालन कच्चे मकान में करते है उक्त झोपड़ी के भीतर चारों तरफ से तार का फेंसिंग किया हुआ है उस तार में घर का मुखिया सुरतराम बोगा उम्र 62 वर्ष सोमवार शाम 6 से 7 बजे के बीच बिजली करट मे चिपक गया जिसके बाद पुत्र रूपलाल बोगा 27 वर्ष अपने पिता को बचाने बिजली प्रवाह के आगोश में आ गया पुत्र पति के घर वापस नहीं लौटने के बाद माता भागबती बाई 58 साल वहां पहुची और बिजली प्रवाह शरीर को पकड़ लेने से वह भी चिपक गयी इस तरह एक के बाद एक पिता बेटा और मां की दर्दनाक मौत हो गई ,हादसा इतना भीषण था कि तीनों मौके पर ही दम तोड़ दिये।घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंचे और पाटन पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तत्काल सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए अंबागढ़ चौकी लाया और मंगलवार को पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया।इस दुखद घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों और ग्रामीणों का रो-रोकर बुरा हाल है। यह घटना पूरे क्षेत्र के लिए गहरी वेदना और चिंता का विषय बन गया है। गणेश यादव थाना प्रभारी पाटन ने कहा कि मर्ग कायम कर हर पहलू पर पूरे मामले की जांच की जा रही है।

#### एक साथ किया गया तीनों का अंतिम संस्कार

पांगरी गांव में इस हादसे के बाद से पूरी रात ग्रामीण व परिवार के अन्य सदस्य रात जगाकर आज जैसे-तैसे पोस्टमार्टम कराकर अंबागढ़ चौकी मुख्यालय से गांव पहुंचे और तीनों का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। बताया गया कि मृत रूपलाल बोगा की धर्मपत्नी 7 माह की गर्भवती है। इस हृदय विदारक घटना से परिवार गांव तथा वनांचल क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है।

## गंज लाईन दुर्गा समिति में 23वें वर्ष में माता की स्थापना हेतु समिति का गठन

राजनांदगांव(दावा)। स्थानीय गंज लाईन दुर्गा समिति में 23वें वर्ष में माता की स्थापना हेतु समिति का गठन किया गया, जिसमें मार्गदर्शक खूबचंद पारख, श्रीकिशन खण्डेलवाल, प्रेमचंद बाफना, अशोकचंद बैद, सत्यनारायण गोयल, सुभाष अग्रवाल, अजीत जैन (पूर्व महापौर) अध्यक्ष-राजेन्द्र लद्ढा, उपाध्यक्ष-रमेश डागा, सुरेश पोरवाल, शैलेश डागा, सचिव-अंकेश बाफना, अश्विन लद्ढा कोषाध्यक्ष-ओमप्रकाश पोरवाल, निकुंज लद्ढा, सौरभ पोरवाल सहसचिव-स्वराज चितलांग्या वरिष्ठ सदस्यगण-पवन डागा, बिसन अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, संजय पोरवाल, सुर्यकांत जैन, राजू पोरवाल, मुकेश चितलांग्या, मनोज लद्ढा, मनोज पोरवाल, नीरज पोरवाल, कैलाश राठी, दामू भूतड़ा, मनीष खण्डेलवाल, मुकेश राठी, सुनील अग्रवाल, नंदू भूतड़ा, कमल अग्रवाल, आशीष गांधी, दीपक गुप्ता, सोहन गुप्ता, राजू खण्डेलवाल, राजेश राठी कार्यकारिणी सदस्य-नारायण, गोविन्द नारायण, रूपेश गुप्ता, मनोज पींचा, तरूण बाफना, कोमल बाफना, चिराग पोरवाल, बिट्टू अग्रवाल, शौर्य गोयल, चिराग बाफना, मदन राठी, चाइना, भोला अग्रवाल, पारस झाबक, श्यामू अग्रवाल, शिव अग्रवाल, राजू भंसाली, हरीश खण्डेलवाल, राहुल बैद, जय खण्डेलवाल, घनश्याम अग्रवाल, मोहन चुरनकर, संतराम यादव, विष्णु यादव, बंटी पटेल भण्डारा प्रभारी-ओमप्रकाश लद्ढा, घनश्याम भूतड़ा, रमेश सोनी, प्रदीप कोटड़िया, राकेश गुप्ता, हर्ष लुनिया, कृष्णा सोनी आदि को शामिल किया गया है।

## आज म्युजिकल अंताक्षरी प्रासंगिक विषय पर 'दादी पोते के बीच संवाद' ने वाहवाही बटोरी



राजनांदगांव(दावा)। श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों में अग्रवाल समाज के लोग बड़ी संख्या में सहभागिता कर रहे हैं। विशेषकर युवा वर्ग एवं बच्चों में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है।

इसी श्रृंखला में तीसरे दिन 17 सितम्बर, बुधवार को 'म्युजिकल अंताक्षरी' का शानदार सुमधुर आयोजन होगा। महिला मंडल की सचिव रीना अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रेखा अग्रवाल, नवयुवक मंडल के सचिव चैतन्य अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सूरज अग्रवाल ने बताया कि विगत बीस वर्षों से अनवरत आयोजित अंताक्षरी अग्रवाल समाज में काफी लोकप्रिय कार्यक्रम है, जिसमें सुरों की महफ़िल सजती है, आवाज का जादू चलता है। इसके साथ ही महिला मंडल द्वारा तोल-मोल के बोल, आकस्मिक गेम्स, लक्की ड्रा एवं 1 मिनट गेम्स का आयोजन किया जायेगा। मीडिया प्रभारी संजय अग्रवाल ने बताया कि पहले दिन आयोजित 'दादी पोते के बीच संवाद' की मंचीय प्रतियोगिता एक नया प्रयोग था, जिसे काफी सराहना मिली। आज की दौड़ती भागती जीवन शैली में पीढ़ियों के बीच के अंतर को समझना और सामंजस्य बैठाना आसान नहीं है। सामाजिक एवं पारिवारिक जीवन की इस महत्वपूर्ण विषयवस्तु को प्रतिभागियों ने अपने, सहज अभिनय और रोचक संवाद के माध्यम से प्रस्तुत किया।

#### प्रतियोगिता के परिणाम

महिला मंडल द्वारा आयोजित - रागी के नमकीन व्यंजन - प्रथम रिया यश अग्रवाल, द्वितीय (संयुक्त)प्रतिभा श्यामसुंदर अग्रवाल, संगीता हरीश अग्रवाल। हरे पत्ते से बुके बनाओ - प्रथम हिना अग्रवाल, द्वितीय प्रिंसी रजत अग्रवाल। दादी पोते के बीच संवाद- प्रथम शीला श्रीकिशन-कुश अंकुर अग्रवाल, द्वितीय प्रतिभा श्यामसुंदर-विराट अग्रवाल। फैंसी ड्रेस- प्रथम ( 3 से 5 वर्ष) आरव जिंदल, द्वितीय आरुष अग्रवाल। (5 से 8 वर्ष) में भूमिका जिंदल। 1 मिनट गेम्स में प्रथम मनीषा शिव अग्रवाल, अनिता शरद अग्रवाल, लक्की ड्रा में निर्मला पसारी विजेता रही। नवयुवक मंडल द्वारा आयोजित बोरा दौड़ में प्रथम अर्णव राहुल अग्रवाल, द्वितीय ईशान संजय अग्रवाल।

#### शुभांक

अनुमानित

बी. के.
1-5-7
590-4 129-2
राजधानी
3-6-9
590-4 278-7

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## निर्माण विभागों में अफसरशाही के खिलाफ राजधानी में ठेकेदारों ने मोर्चा खोला

#### प्रदेश के ठेकेदार अफसरशाही व विभाग की विसंगतियों को लेकर हुए लामबंद

#### शहर से सौ से अधिक ठेकेदारों हुए शामिल

#### ठेकेदारों का मेडिशाइन हास्पीटल द्वारा की गई स्वास्थ्य संबंधी जांच




राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश के निर्माण विभाग में बढ़ती अफसर शाही व विसंगतियों को लेकर प्रदेश भर के आक्रोशित ठेकेदार राजधानी रायपुर मे एकत्रित हो कर संबंधित विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। रायपुर में 16 सितंबर को आयोजित प्रदेश कांट्रेक्टर एसोसिएशन के उक्त बैठक में पहुंचे प्रदेश भर के ठेकेदार निर्माण विभाग की लापरवाही व कई-कई महिनों तक ठेकेदारों के बिल भुगतान नहीं किए जाने पर आक्रोश प्रकट करते हुए लामबंद हुए हैं। इस महत्वपूर्ण बैठक में राजनांदगांव जिला कांट्रेक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सिंगी के नेतृत्व में ठेकेदार आलोक बिंदल, गौरव खंडेलवाल, दुष्यंत दास, राकेश जोशी आदि सहित 100 की संख्या में ठेकेदार राजधानी रायपुर की बैठक में शामिल हुए।

बता दें कि राजधानी रायपुर के निजी होटल में आहूत उक्त बैठक में प्रदेश भर के कॉन्टैक्टर नजर आए। इसमें निर्माण विभागों में मनमानी और विसंगतियों को लेकर कांक्ट्रेक्टरों में रोष जताया है। उनका आरोप है कि, समय पर बिलों का भुगतान नहीं होने से न तो निर्माण कार्य आगे बढ़ जाते हैं और उनमें तेजी आती है। ऐसे में विभागों के आला अधिकारियों का सबसे ज्यादा दबाव ठेकेदारों पर ही होता है। बैठक में राज्य सरकार के सामने निर्माण संबंधी मुद्दों को प्रमुखता से रखने का निर्णय लिया गया। बैठक में कांट्रेक्टर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष बीरेश शुक्ला ने कहा कि राज्य के विकास में कांक्ट्रेक्टरों की अहम भूमिका होती है, लेकिन विभागीय अफसरों द्वारा समस्याओं का निराकरण करने के बजाय हर स्तर पर जटिल प्रक्रिया उत्पन्न करने में ही ज्यादा दिलचस्पी दिखाते हैं। इसके पीछे अफसरों की क्या मंशा है, यह समझ से परे हैं। ऐसे रवैए से निर्माण कार्य प्रभावित होते हैं और कांक्ट्रेक्टर अनावश्यक रूप से परेशान होते हैं। जबकि निर्माण कार्यों की प्रक्रिया ऐसी होती है कि लाखों रुपए की सामग्री उधारी में लेना पड़ता है और जब विभागों से बिलों का भुगतान होता है तब ट्रेडर्स को बकाया चुकाते हैं, परंतु स्थिति यह है कि निर्माण विभागों में अफसरशाही और मनमानी की वजह से करोड़ों रुपए का बिल छह महीने से लेकर एक साल से पेंडिंग हैं, जिसका भुगतान नहीं किया जा रहा है। जबकि डिवीजन स्तर पर मेजरमेंट और बिल बनने के बाद भी भुगतान नहीं किया जाता है। इसका सीधा असर निर्माण कार्यों पर पड़ता है।

#### पीडब्ल्यूडी द्वारा खड़ी की जा रही सर्वाधिक दिक्कतें

एसोसिएशन के अनुसार सबसे अधिक दिक्कतें पीडब्ल्यूडी में निर्मित की जा रही हैं। 10 करोड़ से कम निविदाओं वाले काम करने वाले ठेकेदार परेशान हैं। क्योंकि समय पर बिलों का भुगतान नहीं किया जाता है। बिल फाइनल होने के बाद भी मुख्य अभियंता और प्रमुख अभियंता कार्य पालन अभियंता स्तर के अधिकारियों द्वारा रोका जा रहा है। वहीं बड़े-बड़े प्रोजेक्ट वाले कार्यों में भुगतान को लेकर ज्यादा दिक्कतें नहीं की जाती हैं। ऐसे सभी मसलों पर प्रदेश के सभी जगहों के कांक्ट्रेक्टरों ने राज्य स्तरीय बैठक में अपनी समस्याएं रखी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जो भी समस्याएं ठेकेदारों द्वारा उठाई जाएगी उसी विषय को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री से लेकर विभागों के मंत्रियों तक मेमोरेंडम देकर समस्या का निदान चाहेंगे।


### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती हज्जन कुलसुम बानो, ध.प. स्व. नियाज्जुद्दीन सोलंकी पुत्र इमाम्मुद्दीन सोलंकी निवासी पुराना गंज लाईन राजनांदगांव, श्रीमती मदीना बेगम पुत्री स्व. नियाज्जुद्दीन ध.प. स्व. एजाजुद्दीन निवासी लाखेनगर रायपुर, श्रीमती राबिया बेगम ध.प. अब्दुल सत्तार पुत्री इमाम्मुद्दीन सोलंकी निवासी सदर बाजार धमतरी, श्रीमती हसीना बी उर्फ बेबी बाई पुत्री स्व. इमामुद्दीन सोलंकी ध.प. श्री मोहम्मद जीमल हाल मुकाम हजमत गली आकोला महाराष्ट्र, असलम आ. सलीम भाटी, मोहम्मद कलीम भाठी आ. मोहम्मद सलीम भाठी माता श्रीमती खुर्शीदा पुत्री इमाम्मुद्दीन सोलंकी, सलाम उर्फ मो. सलाम भाटी आ. मो. सलीम भाटी, कलाम उर्फ मो. कलीम भाटी आ. मो. सलीम भाटी, नूरजहां बानो पुत्री मो. सलीम भाटी, सबीना उर्फ सबीना बानो पुत्री मो. सलीम भाटी के नाम एवं संयुक्त स्वामित्व की नजूल भूमि शीट क्रमांक 61ए भूखंड क्रमांक 8/1 रकबा 84.68 वर्गमीटर स्थित गंजलाईन शहर राजनांदगांव को क्रय करने का पक्का सौदा किया है तथा उपरोक्त उल्लेखित विक्रेतागण ने मेरे पक्षकार के पक्ष में संयुक्त रूप से इकरारनामा निष्पादित किया है तथा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त विक्रेतागण को अग्रिम बयाना राशि का भुगतान किया है।

अतः इस आम सूचना द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस आम सूचना के प्रकाशन होने के 7 दिन के अन्दर किसी व्यक्ति को या शासन को उपरोक्त संपत्ति में कोई हक व अधिकार है तो वह आपत्ति मेरे निवास में मय दस्तावेज प्रस्तुत करें अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई आपत्ति नहीं है और मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त संपत्ति का पंजीयन विक्रय पत्र अपने पक्ष में करा लेगा और बाद में प्रस्तुत आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सूचना जानें।

दिनांक- 16/09/2025

भवदीय
विकास शुक्ला (अधिवक्ता)
कैलाश नगर, राजनांदगांव

### नाम परिवर्तन

मैं अनीता अग्रवाल (Anita Agarwal) निवासी मकान नंबर 36 ब्लू डायमंड सिटी नंदई राजनांदगांव यह घोषणा करती हूं कि विवाह के पूर्व मेरा नाम अनीता (Anita) था जो कि मेरे कक्षा 10वीं की अंकसूची ने दर्ज है, विवाह के उपरांत मैने मेरा नाम बदल कर अनीता अग्रवाल (Anita Agrawal) कर लिया है। मेरे समस्त शासकीय/अशासकीय एवं नया दस्तावेजों में मेरा नाम अनीता अग्रवाल (ANITA AGRAWAL) दर्ज किया जाए। अब मुझे इसी नाम से ही जाना पहचाना एवं पुकारा जाए। सूचना जाने....

अनीता अग्रवाल
मकान नंबर 36 ब्लू डायमंड सिटी, नंदई, राजनांदगांव (छ.ग.)

### ईशतहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदक धनश्याम आ. अंगदराम जाति कंवर निवासी ग्राम मिरचे तह. अं.चौकी, जिला मोहला-मानपुर, अं. चौकी (छ.ग.) का निवासी हूं। मेरे पुत्र चन्द्रप्रकाश के नाम से पूर्व में आधार कार्ड अंकसूची, व अन्य कागजात बना है। जिसमें नाम के स्थान चाचाजी अंकित है। उक्त नाम को विलोपित कराकर अंकसूची आधार कार्ड एवं समस्त कागजातों में चाचाजी के स्थान पर चन्द्रप्रकाश नाम परिवर्तन कराना चाहता हूं। इस ईशतहार के संबंध में किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की दावा आपत्ति होगी तो सात दिवस के भीतर आपत्ति मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकतें है। अतएव ईशतहार प्रस्तुत है जो जरूरत वक्त पर काम आवे।

स्थान-अं.चौकी, दिनाक 16/09/2025

आवेदक
धनश्याम
निवासी ग्राम-मिरचे
तह.अं. चौकी, जिला मो.मा.अं.चौकी

### कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

क्रमांक/380/मबावि/नबि/2025 — कबीरधाम, दिनांक 15/08/2025

// विज्ञप्ति//

''सखी वन स्टॉप सेंटर जिला कबीरधाम छ.ग. में सेवा प्रदाताओं के रूप में कार्य करने हेतु केवल महिला आवेदकों के लिए भर्ती के संबंध में विज्ञापन''

संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग के पत्र क्रमांक/10478/मबावि/मसमि/सखी-4/2024-25 नवा रायपुर, दिनांक 27.11.2024 के द्वारा कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कबीरधाम छ.ग. द्वारा संचालित ''सखी'' वन स्टॉप सेंटर कवर्धा में दैनिक कार्यों के संचालन व सभी सुसंगत कार्यवाहियों के लिए सेवा प्रदाता का चयन किया जाना है। इस हेतु पात्र महिला आवेदकों से (व्यक्तिगत सेवाप्रदाता) निम्नानुसार उल्लेखित कार्यों/पदीय कर्तव्यों के निर्वहन के लिए सेवा प्रदाता का चयन किया जाना है। इस हेतु दिनां 15.10.2025 तक समय शाम 5.30 बजे तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कबीरधाम छ.ग. में स्पीड पोष्ट/ पंजीकृत डाक/कोरियर के माध्यम से अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। ''सखी'' वन स्टॉप सेंटर में व्यक्तिगत सेवाप्रदाता के रूप में केवल महिआलों की सेवायें प्राप्त की जायेगी।

''सखी'' वन स्टॉप सेंटर के संचालन हेतु सेवा प्रदाताओं के पदों का विवरण :-

| क | सेवाप्रदाता का पद नाम | सेवा प्रदाताओं की संख्या | | | | | मासिक सेवा शुल्क | वेतन मैट्रिक्स में लेवल (केवल यात्रा व्यय, भत्ता भुगतान गणना के लिए) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | UR | ST | SC | OBC | योग | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 01 | केन्द्र प्रशासक | 01 | 0 | 0 | 0 | 01 | 31450 | (लेवल-10) |
| 02 | साईको सोशल काउंसलर | 01 | 0 | 0 | 0 | 01 | 25780 | (लेवल-8) |
| 03 | केस वर्कर | 0 | 01 | 0 | 0 | 01 | 18420 | (लेवल-6) |
| 04 | पैरा लीगल कर्मिक/वकील | 01 | 0 | 0 | 0 | 01 | 18420 | (लेवल-6) |
| 05 | पैरा मेडिकल कार्मिक | 01 | 0 | 0 | 0 | 01 | 18420 | (लेवल-6) |
| 06 | कार्यालय सहायक | 01 | 0 | 0 | 0 | 01 | 18420 | (लेवल-6) |
| 07 | सुरक्षा गार्ड/नाईट गार्ड | 02 | 01 | 0 | 0 | 03 | 11360 | (लेवल-1) |

0 उपरोक्त पदों हेतु आवेदन निर्धारित प्रारूप में टंकिय कराया जा कर पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/कोरियर के माध्यम से दिनांक 15.10.2025 तक शाम 05.30 बजे तक कार्यालय जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी मबावि जिला कबीरधाम के पते पर आमंत्रित किये जाते है।

0 ''सखी''वन स्टॉप सेंटर कबीरधाम में रिक्त सेवाप्रदाताओं की जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कबीरधाम छ.ग. से प्राप्त की जा सकती है तथा आवेदन प्रपत्र तथा चयन के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, कार्यदायित्व एवं अन्य विवरण www.kawardha.gov.in वेबसाईट पर उपलब्ध है।

जी- 252603538/2

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम, राजनांदगांव(छ.ग.)

क्रमांक/1029/राजस्व/2025-26 — राजनांदगांव, दिनांक 15/09/2025

सार्वजनिक नीलामी सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के स्वामित्व की सर्वेश्वर दास स्कूल महावीर चौक, के पास 12 दुकानों का निर्माण कराया गया है, नव निर्मित रिक्त दुकानों का आबंटन (निर्धारित प्रीमियम तथा मासिक किराए पर) किए जाने हेतु उक्त दुकानों की खुली नीलामी दिनांक 09/10/2025 के अपरान्ह 12.00 बजे से टाउन हाल सभागृह में की जावेगी। नीलामी संबंधी समस्त नियम एवं शर्तें तथा निर्धारित आवेदन पत्र निगम कार्यालय के राजस्व शाखा में कार्यालयीन कार्यदिवस एवं समयावधि में निर्धारित शुल्क रू. 500.00 का नगद भुगतान कर दिनांक 15/09/2025 समय 11.00 बजे से दिनांक 07/10/2025 शाम 5.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। नीलामी में भाग लेने के पूर्व निर्धारित आवेदन प्रपत्र में आवेदक द्वारा अपनी सम्पूर्ण विस्तृत जानकारी तथा प्रति दुकान हेतु पृथक-पृथक निर्धारित अमानत राशि बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से (जो आयुक्त नगर पालिक निगम के पक्ष में देय होगा) दिनांक 08/10/2025 शाम 3.00 तक जमा करना अनिवार्य होगा। निर्धारित प्रपत्र में आवेदन तथा निर्धारित अमानत राशि जमा नहीं करने पर कोई भी व्यक्ति बोली में भाग ले सकेगा।

सर्वेश्वर दास स्कूल महावीर चौक, के पास दुकानों का विवरण

| स.क्र. | दुकान क्रमांक | दुकान का क्षेत्रफल (वर्गमीटर) | आरक्षण की स्थिति | निर्धारित प्रीमियम राशि | अमानत राशि (निर्धारित प्रीमियम राशि का 10 प्रतिशत) | प्रति दुकान मासिक किराया |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 3.35x3.40 | अ.ज.जा. | 1161985.00 | 116199.00 | 1937.00 |
| 2 | 2 | 3.35x9.25 | शिक्षित बेरोजगार | 3160518.00 | 316052.00 | 5268.00 |
| 3 | 3 | 3.35x9.25 | अनारक्षित | 3160518.00 | 316052.00 | 5268.00 |
| 4 | 4 | 3.35x9.25 | अनारक्षित | 3160518.00 | 316052.00 | 5268.00 |
| 5 | 5 | 3.35x9.25 | अ. पि. वर्ग | 3160518.00 | 316052.00 | 5268.00 |
| 6 | 6 | 3.35x9.25 | अनारक्षित | 3160518.00 | 316052.00 | 5268.00 |
| 7 | 7 | 3.35x9.25 | अनारक्षित | 3160518.00 | 316052.00 | 5268.00 |
| 8 | 8 | 3.35x9.25 | अ.जा. वर्ग | 3160518.00 | 316052.00 | 5268.00 |
| 9 | 9 | 3.35x9.25 | अ.जा. वर्ग | 3160518.00 | 316052.00 | 5268.00 |
| 10 | 10 | 3.35x9.25 | महिला वर्ग | 3160518.00 | 316052.00 | 5268.00 |
| 11 | 11 | 3.35x9.25 | अ. पि. वर्ग | 3160518.00 | 316052.00 | 5268.00 |
| 12 | 12 | 3.35x9.25 | अनारक्षित | 3160518.00 | 316052.00 | 5268.00 |

नोटः- 1. आवेदक को आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड एवं मतदाता परिचय पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

2. आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को समक्ष प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

3. आवेदक को प्रति दुकान हेतु पृथक-पृथक निर्धारित अमानत राशि बैंक ड्रॉफ्ट/एफ.डी.आर. के माध्यम से (जो आयुक्त नगर निगम पालिक निगम के पक्ष में देय होगा) जमा करना अनिवार्य है।

4 अन्य नियम व शर्ते राजस्व कार्यालय में प्राप्त की जा सकती है। क्र. 104/जनसंपर्क/25

आयुक्त
नगर पालिक निगम, राजनांदगांव (छ.ग.)

# हिंदी दिवस भाषाई पर्व नहीं भावनात्मक उत्सव है - दीपक बुद्धदेव

## हिंदी दिवस मनाने का उद्देश्य अंग्रेजों की वैचारिक गुलामी से आजाद होना है - प्रमोद बागड़ी

### लायंस क्लब के हिंदी दिवस पर कवि/साहित्यकार कोशा, मुंहफट व थंगेश्वर साहू सम्मानित हुए



राजनांदगांव (दावा)। लायन्स क्लब द्वारा शहर के लायन डेन में हिंदी दिवस का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कला/ साहित्य सुधि दीपक बुद्धदेव थे, अध्यक्षता डोंगरगढ़ से पधारे छत्तीसगढ़ सरकार से सहकारिता राज्य अलंकरण प्राप्त कवि/ साहित्यकार शशिकांत द्विवेदी थे। वहीं विशेष अतिथि के रुप में वरिष्ठ चिंतक अशोक चौधरी, दिग्विजय कालेज के प्रोफेसर शंकरमुनि राय, कमला कालेज के प्रोफेसर ओंकार लाल श्रीवास्तव, डीसी जैन व पार्षद शैकी बग्गा थे। बड़ी संख्या में कवि साहित्यकारों व बुद्धिजीवियों की उपस्थिति में आयोजित इस गरिमामय हिंदी दिवस कार्यक्रम में साहित्य की सतत सेवा के लिए संस्कारधानी के वरिष्ठ कवि/साहित्यकार व राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक आत्माराम कोशा 'अमात्य', हास्य-व्यंग्य के कवि पद्म लोचन शर्मा 'मुंहफट' व राज्यपाल पुरस्कार के लिये नामांकित व्याख्याता थंगेश्वर साहू को अतिथियों द्वारा शाल ओढ़ाकर व श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### हिंदी दिवस भावनात्मक उत्सव का पर्व

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री बुद्धदेव ने हिंदी दिवस को एक भाषाई पर्व नहीं अपितु भावनात्मक उत्सव बताया। उन्होंने अपनी काव्य पंक्तियां में हिंदी भाषा को दिल की पुकार व शब्दों का सुंदर विचार कहा। हिंदी दिवस के इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री द्विवेदी ने भगवान श्री राम को राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक बताते हुए कहा कि उनकी पदचापो की गूंज आज भी बस्तर में सुनाई देती है। उन्होंने कश्मीर से संबंधित ओजपूर्ण कविता पढ़ते हुए हिंदी को हिंद की शान और भारतीयों को महान कहते हुए तालियां बटोरी। किसान नेता व चिंतक अशोक चौधरी ने हिंदी पर सारगर्भित बातें कही और बताया कि मैथिली भाषा को आठवीं अनुसूची में दर्ज कराने के लिए व्याकरण से लेकर लिपी तक के लिए पापड़ बेलने पड़े। उन्होंने छत्तीसगढ़ी को आठवीं अनुसूची में दर्ज कराने के लिए व्याकरण व लिपी का होना आवश्यक बताया। इस पर श्री कोशा ने कहा कि छत्तीसगढ़ी का व्याकरण धमतरी के हीरालाल काव्योपाध्याय द्वारा सन 1885 में लिखी जा चुकी है, जिसे जार्ज ग्रियर्सन द्वारा पुनर्लेखन किया गया।

### हिंदी की स्वीकार्यता बढ़ाने ठोस पहल आवश्यक - हाजरा

लायंस क्लब अध्यक्ष प्रमोद बागड़ी ने हिंदी को जन-जन तक पहुंचाने व इसकी स्वीकार्यता बढ़ाने के लिए ठोस पहल का होना आवश्यक बताया। कार्यक्रम का बौद्धिक संचालन करते हुए अधिवक्ता अमलेंदु हाजरा ने हिंदी भाषा की गरिमा बनाए रखने के लिए हिंदी का अधिकाधिक रुप से उपयोग किए जाने तथा डॉ. चंद्रशेखर शर्मा ने हिंदी सीखने के लिए अखबारों का बहुत बड़ा हाथ बताया। हिंदी दिवस अवसर पर आयोजित लायंस क्लब के कार्यक्रम को वरिष्ठ साहित्यकार शंकरमुनि राय व ओंकार प्रसाद श्रीवास्तव, प्रभात बख्शी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर रंगकर्मी हिमांशु याज्ञिक, अधिवक्ता राजकुमार शर्मा, आनंद वर्गिस, राकेश ठाकुर, गजेंद्र बख्शी, व्यंग्यकार गिरीश ठक्कर 'स्वर्गीय', शैलैष गुप्ता, अनिमेष, श्रीमती मीना यादव, मोना गोसाईं, कांति मोर्य, ज्योति खंडेलवाल, राजकुमारी मरकाम, संजय साहू, पंकज गुप्ता आदि सहित बड़ी संख्या में साहित्य सुधि एवं हिंदी प्रेमियों की उपस्थिति रही।

# प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत 'अंगीकार 2025 अभियान'

## पूर्ण आवासों में हितग्राहियों का गृह प्रवेश

### विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज देंगे आवास के पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्रक



राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत 'अंगीकार 2025 अभियान' आज दिनांक 17 सितम्बर 2025 बुधवार को दोपहर 12 बजे गांधी सभागृह में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डे की उपस्थिति में 'आंगीकार 2025' कार्यक्रम का शुभारंभ के साथ बी.एल.सी के हितग्राहियों का गृह प्रवेश प्रमाण पत्र प्रदान कर आवास के पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्रक वितरित करेंगे।

कार्यक्रम के संबंध में महापौर मधुसूदन यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास शहरी 2.0 अंतर्गत 'अंगीकार 2025' के तहत 17 सितम्बर 2025 को आवास दिवस के रूप में मनाया जाना है। जिसके तहत रायपुर में राज्य स्तरीय आवास दिवस कार्यक्रम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसमें राज्य की निकायों के लिए लगभग 11 हजार बी.एल.सी. हितग्राहियों का ऑनलाईन प्रवेश किया जाना है।

उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में राजनांदगांव नगर निगम सीमाक्षेत्र के अक्टूबर 2024 से अप्रेल 2025 तक पूर्ण किए गये 329 आवासो के हितग्राहियो को 'गृह प्रवेश' प्रमाण पत्र विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डे की उपस्थिति में आज दिनांक 17 सितम्बर को दोपहर 12 बजे गांधी सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में देंगे। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 अंतर्गत स्वीकृत 337 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्रक प्रदान करेंगे।

महापौर श्री यादव सहित निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा एवं पुर्नवास तथा नियोजन विभाग के प्रभारी सदस्य डीलेश्वर साहू ने पार्षदों, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, पत्रकार बंधुओं से उपरोक्त कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## आज विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन जिले के प्रवास पर

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज 17 सितम्बर को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 17 सितम्बर को सुबह 11 बजे स्पीकर हाऊस शंकर नगर रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12.30 बजे गांधी सभागृह राजनांदगांव पहुंचकर प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत हितग्राहियों को आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र का वितरण करेंगे तथा कार्यक्रम में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 1 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 2.50 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 3 बजे शासकीय मेडिकल कॉलेज पेण्ड्री राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह अपरान्ह 4.10 बजे शासकीय उद्यान रोपणी पेण्ड्री राजनांदगांव का निरीक्षण करेंगे एवं अपरान्ह 4.35 बजे सखी वनस्टॉप सेंटर बलदेवबाग राजनांदगांव में नवीन भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे।



























## अनमोल दावा

“ सफल होने के लिए कार्य के प्रति समर्पण होना जरूरी है।

# भारत की सार्वभौमता को सीधी चुनौती

डोनाल्ड ट्रंप के मुंह अब कोई नहीं लग रहा है इसलिए भारत का रिएक्ट न होना ठीक ही है! लेकिन बावजूद इसके वे और उनके करीबियों ने जिस तरह भारत को कटघरे में खड़ा किया है वह भारत की सार्वभौमता को सीधी चुनौती है। विश्व राजनीति में कभी किसी देश को जुबानी इस तरह जलील नहीं किया गया, जैसे ट्रंप प्रशासन भारत को आए दिन जलील कर रहा है। सोचें, ट्रंप के व्यापार सलाहकार नवारो ने रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को 'मोदी वॉर' बताया। बुधवार को 'ब्लूमबर्ग टीवी' को दिए इंटरव्यू में उन्होंने भारत पर जंग को बढ़ावा देने और दोहरा खेल खेलने का सीधा आरोप लगाया। फिर उन्होंने भारत को चेतावनी देने के अंदाज में कहा, 'भारत तुम तानाशाहों (चीन, रूस) के साथ मिल रहे हो। चीन ने अक्साई चिन और तुम्हारे कई इलाके पर कब्जा किया है। और रूस? जाने भी दो। ये आपके दोस्त नहीं हैं'।

इससे पहले अमेरिका वाणिज्य मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा था कि- 'यूक्रेन युद्ध के पहले भारत की कुल तेल खरीदारी का एक फीसदी से भी कम हिस्सा रूस से आता था। अब यह 42 प्रतिशत है। इस तरीके से भारत के कुछ सबसे धनी घरानों ने (अंबानी) सस्ते रूसी तेल को खरीदने के बाद उसे बेचकर 16 बिलियन डॉलर की रकम कमाई है। यह अवसरवादी तरीका अस्वीकार्य है।' तो ट्रंप के शीर्ष आर्थिक सलाहकार और नेशनल इकोनॉमिक काउंसिल के डायरेक्टर केविन हैसेट के मुताबिक़, 'अगर भारतीय नहीं झुकते, तो मुझे नहीं लगता कि राष्ट्रपति ट्रंप भी झुकेंगे।'

उधर बुधवार को ही व्हाइट हाउस में डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी कैबिनेट बैठक में भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष को रोकने का श्रेय लेते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपनी बातचीत का ब्योरा साझा किया। उनके शब्दों में, ÷मैंने कहा, 'क्या हो रहा है? मैं कोई ट्रेड डील नहीं करूंगा। आप लोग (भारत और पाकिस्तान) परमाणु युद्ध करने जा रहे हैं। आप लोग परमाणु युद्ध में ही फंसेंगे÷।' ट्रंप ने आगे कहा, ÷फिर मैंने देखा कि सात जेट मार गिराए गए। मैंने कहा, 'यह अच्छी बात नहीं है'। ये तो बहुत सारे जेट हैं। आप जानते हैं कि 15 करोड़ डॉलर के विमान मार गिराए गए। बहुत सारे। सात, शायद उससे भी ज़्यादा। उन्होंने असली संख्या भी नहीं बताईज. मैंने कहा, 'कल मुझे फिर से फ़ोन कीजिए, लेकिन याद रखिए, हम आप लोगों के साथ कोई ट्रेड डील नहीं करेंगे 'और इस बातचीत के पांच घंटे के भीतर दोनों पक्ष पीछे हट गए'। साथ ही ट्रंप ने यह भी दोहराया कि उनके दखल ने पाकिस्तान को पीछे हटने पर मजबूर किया।

जबकि याद करें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 29 जुलाई 2025 को संसद में दो टूक कहा था कि उनकी ट्रंप से कोई बात नहीं हुई। मोदी का इतना भर कहना था, 'नौ मई की रात को अमेरिकी उप राष्ट्रपति एक घंटे से बात करने की कोशिश कर रहे थे। बाद में मैंने उन्हें फोन किया कि आपका तीन चार बार फ़ोन आया था। उन्होंने मुझसे कहा कि पाकिस्तान बड़ा हमला करने वाला है। मेरा जवाब था, अगर पाकिस्तान का ये इरादा है तो उसे बहुत महंगा पड़ेगा और हम उससे भी बड़ा हमला करके जवाब देंगे'।

सवाल है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसद में बोले इसी वाक्य के हवाले से भारत सरकार ट्रंप को यह मुंहतोड़ जवाब नहीं दे सकती कि क्यों झूठ बोलते हो? हमारे प्रधानमंत्री की तो आपसे बात तक नहीं हुई थी। ट्रंप और अमेरिका झूठ बोल रहे हैं।

पर डोनाल्ड ट्रंप सार्वजनिक तौर बार-बार बोल कर भारत को झूठा करार दे रहे हैं। क्या भारत को दो टूक खंडन नहीं करना चाहिए? बुधवार को ट्रंप ने मोदी का नाम ले कर भी बोला। कहा, ÷मैं एक बहुत ही शानदार शख़्स (नरेंद्र मोदी) से बात कर रहा था, भारत के मोदी से। मैंने पूछा, आपके और पाकिस्तान के बीच क्या चल रहा है? जफिर मैंने पाकिस्तान से व्यापार के बारे में बात की। मैंने कहा, 'आपके और भारत के बीच क्या चल रहा है?'

सो, अब यह इसलिए भी जरूरी है क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी का संसद में कहा और ट्रंप के कहे में वह फर्क है, जिससे प्रधानमंत्री मोदी के संसद में झूठ बोलने की धारणा बनती है। यदि विपक्ष चाहे तो मोदी के झूठ बोलने के हवाले संसद में विशेषाधिकार प्रस्ताव का नोटिस दे सकता है।

पर राजनीति से अधिक भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा का मसला है। इससे हर उस देश, यूरोपीय, पश्चिमी सभ्यता के लिबरल, लोकतांत्रिक बिरादरी में भारत की बदनामी है। ट्रंप प्रशासन द्वारा यूक्रेन-रूस लड़ाई को 'मोदी वॉर' बनाना और धंधेबाजी में भारत के किसी भी सीमा तक जाने तक नैरेटिव बेहद अपमानजनक है।

वैसे समझ नहीं आ रहा है कि ट्रंप प्रशासन भारत से इतना खुन्नस में क्यों है? बुधवार को ट्रंप और नवारो के बयान के बाद अमेरिकी ट्रैरिफ घटने की उम्मीद के जल्द पूरी होने के आसार कम हो गए है। अमेरिका के बाजार में भारत का सामान महंगा रहेगा। वहां नहीं बिकेगा। यह भी नोट रखें ट्रंप प्रशासन खुले दिल पाकिस्तान की पीठ थपथपाते रहेगा। प्रधानमंत्री मोदी जापान के प्रधानमंत्री या चीन-रूस के राष्ट्रपति शी जिनफिंग व पुतिन से चाहे जितने फोटोशूट करा लें लेकिन यदि यूक्रेन-रूस लड़ाई चलती रही तो वैश्विक बिरादरी में भारत का अलगाव अकल्पनीय बनेगा।

# आधुनिक भारत के शिल्पकार नरेन्द्र मोदी



(रामविचार नेताम)

आज 17 सितंबर सदियों से हम देवताओं के युग शिल्पी भगवान विश्वकर्मा को उनके जयंती के रुप में इस दिन स्मरण करते आए हैं, और आज के ही दिन हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का अवतरण दिवस भी है।

लोकतांत्रिक युग के आधुनिक दौर में अपने सबल सतर्क और सतत नेतृत्व से दुनिया को अंचभित करने वाले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का कद वैश्विक स्वीकार्यता में अग्रणी है। 17 सितंबर का यूं तो पौराणिक महत्व है, निर्माण के देवता विश्वकर्मा जयंती के रुप में। परन्तु प्रकृति का कोई भी निर्णय महज संयोग नहीं होता उसके हर निर्णय में एक संदेश होता है, ऐसे ही जन्मतिथि 17 सितंबर को विराट पुरुष प्रधानमंत्री का जन्म महज संयोग ही नही संदेश भी है प्रकृति का। आधुनिक भारत के लोकतंत्र की अक्षुण्णता कायम रखते हुए इसे सबल भारत, श्रेष्ठ भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत आधुनिक भारत में लोकतंत्र को सबल व सक्षम बनाये रखते हुए विभिन्न भाषा, धर्म, समाज के मध्य अपने संगठन की विचारधारा को स्थापित करने और निरंतर नेतृत्व प्रदान करने में सफल नेतृत्वकर्ता नरेन्द्र मोदी जी के व्यक्तित्व में छिपी खूबियों की आज दुनिया कायल है। नित्य नवीन वैश्विक चुनौतियों के मध्य सतत सक्रियता के साथ डटे रहना और हर चुनौती का सीना चौड़ा कर सामना करना वो सुखद अनुभूति है, जो नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आज हर भारतवासी महसूस करता है। वर्षों तक परतंत्रता के बेड़ियों में जकड़े भारत वर्ष का हर नागरिक स्वतंत्र श्वांस की अनुभूति यूं तो विगत 78 वर्षों पूर्व 15 अगस्त 1947 से कर रहा है। परन्तु स्वतंत्र सत्ता में साहस, धैर्य के साथ गर्व की अनुभूति विशेषकर वैश्विक चुनौतियों के संदर्भ में आज राष्ट्र महसूस कर पा रहा है, तो उसके पीछे आज का नेतृत्व और सफल नेतृत्वकर्ता नरेन्द्र मोदी ही है।

लगभग 12 वर्ष पूरे हो रहे हैं, हिन्दुस्तान में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की नेतृत्व निरंतरता को, यह महज एक सांगठनिक निर्णय नही है वरन जनता के मजबूत विश्वास का श्रेष्ठ उदाहरण है। मोदीजी का व्यक्तित्व राजनैतिक निरंतरता के साथ-साथ सर्वोच्च पद पर आसीन होकर नैतिकता के साथ अपनी संस्कृति और धर्म की रक्षा करते हुए सक्रियता को सार्थक करने वाला है। व्यक्तिगत त्याग, उच्च नैतिक बल, स्पष्ट उद्देश्य के साथ मां भारती की सेवा में प्राण-प्रण से जुटे मोदी जी का व्यक्तित्व कठोरता के साथ लचीलापन लिए हुए पहचान का है। सभी वर्ग, समाज और बौद्धिकता को साथ लेकर चलने वाले मोदीजी के सर्वांगीण नेतृत्व में व्यक्तित्व की विशालता दिखती है, जब वो वर्षों तक मेहनत करने के बाद लक्ष्य हासिल कर पाने में चंद्रयान को भेज सकने में असफल वैज्ञानिकों को असफलता में ढांढस बंधाते हैं । जब चंद अंको से वर्षो की तैय्यारी पदक से वंचित हो जाता है, जब पूरे प्रयास के बाद भी भारत विश्व विजेता बनने से चूक जाता है, या चंद अंक,समय विशेष में पदक से वंचित कर दे, उन्हे प्रेम से अपने पन से मानवीय मूल्यों की अनंत गहराईयों से ढांढस बंधाते हमने देखा है वही संवेदनशील मोदी जी विरोधियों की चुनौति पर वज्र बनकर कहर बरसना भी बखूबी जानते हैं ।

ताजातरीन पाकिस्तान द्वारा पहलगाम की हिमाकत पर हम ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से इसकी बानगी देखे हैं। पहले ऊरी, फिर पुलवामा हमले पर भयंकर प्रतिकार का निर्णय छेड़ने वालों को छोड़ने का नहीं उनके ही शब्दों को



नरेंद्र मोदी के 75वें जन्म दिन-17 सितम्बर, 2025

सार्थक करता है। जब उन्होंने कहा था भारत की वैश्विक पहचान शांति की है, वसुधैव कुटुम्बकम की है, इसे कायम रखते हुए हम ना ही विस्तारवाद या अन्य किसी कारण पर किसी भी मुल्क को छेड़ेंगे नहीं, और छेड़ने वालो को छोड़ेंगे भी नहीं। मोदी जी ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रप्रथम की विचारधारा को अपने सार्वजनिक जीवन पथ में लिए गए संकल्पों के साथ शब्दशः सार्थक किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भ्रष्टाचार एवं आतंकवाद पर जिरो टॉलरेंस की बातें सिर्फ बातें, नहीं वरन सार्थकता भी सर्वत्र दृश्य है, उनके नेतृत्व में विगत 12 वर्षों के कार्यकाल का आंकलन इसे साबित करता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का सम्पूर्ण व्यक्तित्व देश की धरा में बदलाव का ना सिर्फ साक्षी है, वरन भारत की संस्कृति व धर्म का वाहक भी है। आज सुखद संयोग है जब देश आजादी का अमृतकाल मना रहा है, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ स्थापना का शताब्दी वर्ष मना रहा है हम अपने यशस्वी प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिन के अवसर पर उनके स्वस्थ शतायु दीर्घायु होने की कामना कर पा रहे हैं।

मोदी जी का पूरा जीवन सतत प्रेरणा देने वाला रहा है। भारत को समृद्धि पथ गामी राष्ट्र बनाने में प्राणपण से जुटे गति में अन्य से अग्रणी राजनेता नरेन्द्र मोदी जी का बचपन घोर गरीबी में गुजरा है। पिताजी के साधारण से चाय की दुकान से ब? परिवार का खर्च और निर्धन होने जैसी बाल्यकाल की परिस्थितियों का सामना करते मोदी जी ने हार नहीं मानी वरन अपने उदात्त चरित्रबल और साहस से न सिर्फ सभी बाधाओं को पार किया वरन सफलता के चरम शिखर तक स्वयं तो पहुंचे ही राष्ट्र को भी वैश्विक शिखर की दिशा देने में अग्रसर हैं। बाल्यकाल से लेकर राजनीति के शिखर तक आनेवाली हर चुनौती को, अवरोधों को अवसर में बदलने का विशेष हुनर रखने वाले मोदी जी जीवन समर को सदैव एक योद्धा सिपाही की भांति आगे कदम बढ़ाने के बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखते, पराजय उन्हे स्वीकार्य नहीं।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयं सेवक के जीवन में निस्वार्थता, सामाजिक दायित्वबोध, समर्पण एवं देशभक्ति के दायित्वों को स्थापित किया जाता है, उन्ही मानवीय गुणों से ओतप्रोत मोदी जी का व्यक्तित्व आज इन्ही खूबियों के साथ जीवंत है। राजनैतिक जीवन के शुरुआत में संघ से मिली शिक्षा, संस्कृति, आचार व्यवहार को पुरी दुनिया आज नरेन्द्र मोदी जी के सक्रियता के माध्यम से देख पा रही है, महसूस कर पा रही है।

भारत के हर नागरिक को गर्व और राष्ट्र के रुप में समृद्ध, सक्षमता का अहसास कराने में कामयाब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के परिवार के सदस्य आज भी सामान्य जीवन यापन कर रहे हैं। नरेन्द्र मोदी जी का मुख्यमंत्री का 12 से अधिक वर्षों का दायित्व निर्वहन और प्रधानमंत्री के रुप में 12 वर्ष का अनवरत कार्यकाल फिर भी परिवार का सामान्य जीवनयापन नैतिकता और ईमानदारी के उच्च मानदण्डों को जीने का ऐसा उदाहरण समूची दुनिया में अन्यत्र नहीं मिलेगा।

7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रुप में शपथ लेने से लेकर आज की तारीख तक 25 वर्षों से अनवरत कार्यशील प्रधानमंत्री मोदी जी देश ही नही वरन वैश्विक राजनीति को भी दशा दिशा देने में कामयाब रहे हैं । 2014 में जब देश में चंहु ओर तत्कालीन यूपीए सरकार के घोटालों और भ्रष्टाचार के चलते जनमानस में नैराश्य की भावना व्याप्त थी, नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में 30 वर्षों बाद पूर्ण बहुमत की सरकार बनना वह भी बीजेपी के 282 सीटों के साथ देश मे बदलाव के चमत्कारिक बयार की शुरुआत थी। सबका साथ सबका विकास का नारा देने वाले नरेन्द्र मोदी जी ने इसे अपने कार्यों से साबित भी किया है। अपने पहले शपथ ग्रहण में सार्क देशों के साथ साथ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को आमंत्रित कर दुनिया को स्पष्ट संदेश दे दिया था सबको साथ लेकर चलने का।

हिन्दुस्तान की जनता को भारत के 14वें प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण के साथ ही जो उम्मीदें थीं वह कर्मयोगी नरेन्द्र मोदी की सतत कर्म निरंतरता से पूरी होने लगी और उम्मीदें विश्वास में तब्दील होकर जनमानस की आकांक्षाओं में वृद्धि करने लगी। मोदी जी द्वारा प्रथम कार्यकाल में लिये गये निर्णय विदेशी व्यवसायों का भारत में निवेश, नियम एवं परमिट्स में लचीलापन की पहल जिससे व्यवसाय में जटिलता ना हो, सामाजिक कल्याण, चिकित्सा, शिक्षा के क्षेत्र में सम्पूर्ण ध्यान देते हुए महिलाओं की सुरक्षा एवं आत्मनिर्भता नोटबंदी एवं जीएसटी लागू करने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय आज के भारत के लिए ऐतिहासिक बन पड़ा।

इसीलिए देश की जनता ने उनके नेतृत्व में 2019 में 2014 से भी बड़ी जीत का पारितोषिक दिया। मोदी जी की कुशल नेतृत्व निरंतरता ने दूसरे कार्यकाल में ट्रीपल तलाक, अनुच्छेद 370 हटाने एवं राम मंदिर निर्माण जैसे वृहत कठिन प्रतीत आकांक्षाओं के पूर्ण होने में कारगर भूमिका निभाई। सर्जिकल, स्ट्राईक, एयर स्ट्राईक व आपरेशन सिंदूर के माध्यम से सीमा पार की चुनौतियों पर कहर बनकर बरसने वाले मोदी जी के कदम व निर्णय द्रुतगामी हो, ताकि हिन्दुस्तान के 130 करोड़ भारतवासियों का गर्व अक्षुण्ण बना रहे। इन्ही आकांक्षाओं के साथ मां भारती की सेवा में रत वीर सपूत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के लिए ईश्वर से प्रार्थना है कि उन्हे स्वस्थ दीर्घायु जीवन, प्रदान करें।

2013 में नरेन्द्र मोदी जब देशव्यापी नैराश्य के अंधकार को दूर करने की दिशा में आगें बड़े और संगठन ने उन्हे देश की दशा बदलने का दायित्व सौंपा तब छत्तीसगढ़ राज्य में तत्कालीन मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह के नेतृत्व में निकली विकास यात्रा का समूचे प्रदेश से गुजरकर अंबिकापुर में समापन होना था। तत्कालीन सरकार के महत्वपूर्ण मंत्रालय के दायित्व निर्वहन के साथ मैं साक्षी बना उस हुंकार का जो अंबिकापुर में विकास यात्रा के समापन कार्यक्रम में प्रतीकात्मक लाल किले के मंच से प्रारंभ हुई थी। मोदी जी की हुंकार श्रेष्ठ भारत निर्माण की दिशा में सदैव आगे बढ़ता रहे। लाल किले की प्राचीर से चिरकाल तक आधुनिक भारत के शिल्पी पुरी दुनिया को भारत की श्रेष्ठता का संदेश देते रहें 'इन्ही कामनाओं के साथ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को दीर्घायु होने की शुभकामनाओं सहित जन्मदिन की बधाईयां।'

मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन
कृषि एवं आदिम जाति कल्याण विभाग

## विचार सरिता

# साप्ताहिक डायरी- युवराज और रोहित शर्मा का विकल्प बनते अभिषेक, आईटी क्षेत्र में छंटनी

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



भारत और पाकिस्तान के बीच खेला जाने वाला कोई भी मैच तनाव, रोमांच और दबाव के मिश्रित मनोभाव लिए हुए होता है। एशिया कप टी-20 के क्रिकेट मैच में कुछ ऐसा ही देखने की उम्मीद थी, लेकिन यह मैच पूरी तरह इकतरफा रहा। भारत ने इस मैच में पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया। कई बार बड़े निर्णायक मौकों पर द?बाव में खेलते हुए टीम इंडिया बिखर जाती थी, लेकिन इस बार भारत के खेल में आत्मविश्वास और निरंतरता नजर आई जो विश्व विजेता टीम के लिए आवश्यक है। अभिषेक शर्मा ने 13 गेंद में 31 बनाकर युवराज सिंह और रोहित शर्मा की परंपरा का श्रेष्ठ उत्तराधिकारी बनने का संकेत दे दिया है। आक्रमक खेल और विपक्षी टीम पर हावी होने की रणनीति ही ऐसे विस्फोटक और मैच जिताऊ बल्लेबाजों की पहचान है।

सेवा और व्यापार क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता(आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस) के बढ़ते प्रयोग से तकनीकी और व्यावसायिक दक्षता बढ़ रही है। कभी-कभी एआई के अत्यधिक प्रयोग से नुकसान की भी खबरें आती हैं। भारत में मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही में आई टी सेक्टर की कुछ शीर्ष कंपनियों में 72त्न भर्तियाँ घटने की खबर ने यह सोचने को मजबूर किया है कि एआई के आ रहे नये-नये वर्जनों और नियमित कामकाज में एआई के द्वारा स्थान लेने की बढ़ती प्रवृत्ति ने तो यह स्थिति निर्मित नहीं की है? वैसे विश्वस्तर पर इजरायल - हमास और रूस-यूक्रेन समेत कई स्थानों पर चल रही लड़ाई और अमेरिकी टैरिफ ने भी अनेक देशों की अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है। निजी क्षेत्र पर यह इनका असर भी हो सकता है। आईटी कंपनियों से प्रोफेशनल्स की छंटनी की खबर ने हम सभी को चिंतित कर दिया है। अगर मशीनें पूरी तरह मानव श्रम का स्थान ले लें और ए.आई. मानव बुद्धि का स्थान ले ले, तो यह समाज के लिए घातक स्थिति होगी।

## शब्द सामर्थ्य -172

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**
1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबास, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थित प्रसिद्ध जेल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 171 का हल



## सू- दोकू क्र.172

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.171 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |

## सामयिक चर्चा

# मिलावट खोरों जमा खोरों की भी जुलूस निकले!

अखबार पढ़कर,
बानी बोले – ''सुनिए गजाधर!
आज की बड़ी अच्छी खबर –
जिले में बढ़ते अपराध के चलते
हो रही मारपीट, चाकूबाजी हत्याओं
की घटनाओं से बेजार हुई पुलिस,
अब यूपी की योगी सरकार की तरह,
एक्शन में आ गई है,
जो हमको भा गई है।
मालूम गजाधर!
पुलिस ने प्राणघातक हमला करने वाले
चाकूबाजियों की धरपकड़ कर,
उनका शहर में जुलूस निकाला।
और कोतवाली थाने से
जी.ई. रोड़ होते हुए
उन्हें पैदल चलाते हुए
गुरूद्वारा चौक तक ले गई।
इस जुलूस के दौरान
आरोपियों के चेहरे,
देखने लायक थे गजाधर!
अब कहिए, आप क्या कहेंगे इस पर?''
गजाधर कुछ कहते, इसके पहले,
गृहस्थ गिरधारी बोले –
''गजाधर भैया! पुलिस वालों के ख्याल में,
अब यह बात भी आनी चाहिए,
और उन्हें मिलावट खोरों
और जमाखोरों की भी
ऐसई जुलूस निकालनी चाहिए!''



गिरीश बक्शी

## व्यंग कविता

### //गाँव के पीपर//

मोर गाँव के पीपर डारा, सुसक-सुसक के रोवत हे।
कहाँ लुकागें जम्मो मनखे, दुख ओला बड़ होवत हे।।

बड़े बिहनिया लइका बुढ़वा, रोज मुहाटी मा आवैं।
हँसी ठिठोली कर के सुग्घर, सुमता के रद्दा पावैं।।
गिल्ली डंडा भौरा बाँटी, खेलँय मिलजुल सँगवारी।
ये डारा ले वो डारा मा, कूदँय सब आरी पारी।।

ठोनक-ठोनक पाके फर ला, चिरई मन भूख मिटावै।
हरियर-हरियर पाना देखै, अमर-अमर छेरी खावै।।
लान-लान के पैरा काँड़ी, चिरगुन हर करै बसेरा।
होत बिहनिया उड़े परेवा, रतिहा भर डारय डेरा।।

खड़े-खड़े अब बुढ़वा होगे, लकठा कोनो नइ जाए।
फुरसत नइ हे कोनो ला अब, सब अपने अपन भुलाए।।
जीव जनावर सबो भगागें, सुन्नापन नइ सोहत हे।
कहाँ लुकागें जम्मो मनखे, रद्दा पीपर जोहत हे।।

//रचनाकार//
प्रिया देवांगन 'प्रियू'
राजिम
जिला-गरियाबंद छत्तीसगढ़



## राशिफल

**मेष**
मेष : दुविधाओं को त्याग कर सही व स्वच्छ योजनाओं पर केन्द्रित होंवे। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय की अपेक्षित है। सन्तानोत्पत्ति के लिए प्रयास सार्थक होंगे।

**वृष राशि**
बृषभ : हसमुख व मजाकिया स्वभाव से आपने आस-पास वातावरण में प्रसन्नता बिखेरेंगे। शासन-सत्ता कें लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। पुराने संबंधों से लाभ संभव। परिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा।

**मिथुन**
मिथुन : कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। सामाजिक सक्रीयता से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घरेलू दायित्वो के प्रति सक्रीयता से आपकी महत्ता बढ़ेगी।

**कर्क**
कर्क : कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकटस्थ संबंधों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है। तामसी व गैर सांस्कारिक कार्य की आकर्षित मन पर अंकुश लगावें।

**सिंह**
सिंह : कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रो में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी बिचारों को मन में स्थान न देवें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या**
कन्या : नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। राजनैतिक क्षेत्र के व्यक्तियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**तुला**
तुला : नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का एहसास होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। पारिवारिक वातावरण में उत्साह का माहौल रहेगा।

**वृश्चिक**
वृश्चिक : नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य सिद्धी के आसार बनेंगे। कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्य में व्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा।

**धनु**
धनु : संबंधों में व्यवहारकुशल बनें। सामाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी संभव। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता आप मे नये उत्साह का संचार करेगा।


**मकर**
मकर : विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होगी। नवीन आशाएं नवीन उत्साह लाएंगी। कार्य क्षेत्र में संबंधों का भरपूर लाभ मिलेगा।

**कुंभ**
कुंभ : अंतर्मुखी स्वभाव को त्याग बहिर्मुखी बनें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओ की पूर्ति के आसार है। सामान्य दिनचर्या के साथ व्यतीत हो रही जीवन में उत्साह अभाव। परिजनों के प्रति मन चिन्तित होगा।

**मीन**
मीन : पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। ग्रहो की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे। शिक्षा में समुचित सरिश्रम करने में असमर्थ मन नकारात्मक चिन्ताओं से बोझिल होगा।

## पहला कॉलम...

### आज कन्हारगांव में विश्वकर्मा जयंती पर लोकनाचा मयारू मोर लाटाबोड़ की प्रस्तुति



राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़ ग्राम कन्हारगांव में भगवान विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य में विश्वकर्मा समिति वालों द्वारा जय संतोषी मां लोक नाचा मयारू मोर ग्राम लाटाबोड वालों का कार्यक्रम आज 17 सितंबर दिन बुधवार को रखा गया है। आयोजक समिति एवं ठेकेदार तेजराम कुंजाम ने आसपास के क्षेत्रवासियों से निवेदन किया है कि, ग्राम कन्हारगांव में आकर नाच कार्यक्रम का आनंद उठाने का आग्रह किया है।

### आदिवासी समाज के 13 उत्कृष्ट कर्मचारियों का सम्मान



छुरिया(दावा)। अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ ब्लॉक इकाई छुरिया के तत्वावधान में आयोजित उत्कृष्ट कर्मचारी सम्मान समारोह में उत्कृष्ट सेवा कार्य करने वाले छुरिया विकासखंड के विभिन्न विभाग के तेरह आदिवासी कर्मचारियों का गोंड़वाना भवन छुरिया में सम्मानित किया गया, जिसमें तीन महिला एवं दस पुरूष कर्मचारी शामिल है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के ब्लाक अध्यक्ष खेलनसिंह ठाकुर ने किया। विशेष अतिथि सर्व आदिवासी समाज के ब्लॉक सचिव एवं ध्रुव गोंड़ समाज के तहसील संगठन मंत्री देशराम कोर्राम, कोयतुर गोंड़ समाज छुरिया-डोंगरगढ़ के ब्लॉक सलाहकार एवं झाड़ीखैरी के पूर्व सरपंच रामाधार कोड़ापे, ब्लॉक प्रवक्ता कमलेश कोर्राम, युवा प्रभाग के ब्लाक सचिव एवं पंडरापानी के सरपंच संतराम सलामें, डोंगरगढ़ के सर्कल उपाध्यक्ष नंदू टेकाम एवं कोषाध्यक्ष गोवर्धन मर्सकोले रहे जिन्होंने ने उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए उत्कृष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित होने कर्मचारियों को पीला चांवल से टीका लगाकर, समृति चिन्ह एवं पीला गमछा भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ रानी दुर्गावती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर सेवा अर्जी के साथ हुआ पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया।

उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित 13 कर्मचारियों में जे.आर.ठाकुर व्याख्याता हाईस्कूल रामपुर, नारायण मलगामें सुपरवाईजर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोभा, धर्मेन्द्र दुग्गा पटवारी हल्का केन्द्र मातेखेड़ा, खोमेन्द्र भुआर्य उच्च शिक्षा विभाग शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया, उमेश उइके तकनीकि प्रशिक्षक शासकीय आई.टी.आई.छुरिया, देवेन्द्र पिस्दा तकनीकी सहायक लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग उमरवाही, संदीप मरकाम बीएफओ वनविभाग छुरिया, असऊराम कारिहेरपाल प्राथमिक शाला भर्रीटोला (ब), कल्पलता चन्द्रवंशी, सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला गैंदाटोला, तुलसा मंडावी प्रधानपाठक प्राथमिक शाला खुंटाछुरिया, पुष्पा पिस्दा सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला शिकारीमहका टोला, प्रीतम कोठारी प्रधानपाठक प्राथमिक शाला सीताकसा(उमरवाही) एवं रेखूराम भुआर्य उच्चवर्ग शिक्षक पूर्व माध्यमिक तिलईरवार सामिल हैं।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि अच्छे सेवा कार्य के लिए सम्मानित किये जाने से कर्मचारियों के अच्छे सेवा कार्य को प्रोत्साहन मिलता है।हमारा उद्देश्य शासकीय कर्मचारियों में सामाजिक सेवा भावना सोच पैदा करना तथा सामाजिक संगठन से जोड़े रखना है ताकि देशहित एवं सामाजिक हित के लिए अच्छा सेवा कार्य निरंतर करते रहें। अतिथियों ने सम्मानित कर्मचारियों को बधाई दी तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति की प्रसंशा की। सम्मानित कर्मचारियों ने भी अपना-अपना अनुभव शेयर किया तथा सम्मान के लिए आभार माना। स्वागत भाषण संघ के अध्यक्ष खेलन सिंह ठाकुर, कुशल संचालन संरक्षक दिनेश कुरेटी दिलेर एवं आभार प्रदर्शन कोषाध्यक्ष एन.आर.सूर्यवंशी ने किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में संघ के ब्लाक संरक्षक, अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष सहित उपाध्यक्ष आर.आर.चन्द्रवंशी, महासचिव गिरधारी राम सहारे, सक्रिय सदस्यगण पदमा सेवता, कौशिल्या कोले, जीवराखन उइके एवं तिलकराम खांडे का खास योगदान रहा। इस अवसर पर आदिवासी सामाजिक कार्यकर्ता एवं आदिवासी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### सांसद ने प्रदेशाध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू से की मुलाकात, दी शुभकामनाएं



डोंगरगांव (दावा)। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय का गत दिनों डोंगरगांव नगर आगमन हुआ। सांसद श्री पांडेय ने प्रदेश साहू संघ के नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष डॉ.नीरेंद्र साहू के निवास पहुंचकर सौजन्य भेंट की और बधाई दी। सांसद पाण्डेय ने श्री साहू के निर्विरोध निर्वाचन को साहू समाज के योगदान की परिणीति निरूपित करते हुए गुलदस्ता भेंटकर बधाई दी। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, मंडल भाजपा अध्यक्ष दीना पटेल, गुलशन हिरवानी, जिला उपाध्यक्ष महेश्वर साहू, रामकुमार गुप्ता, सतीष पाण्डेय, युवानेता सागर वर्मा, प्रवेश ठाकुर, शरद वैष्णव, सिद्धम चोपड़ा, मयंक साहू, छोटू साहू, नंदलाल कुम्भकार, हिमांशु साहू सहित अनेक भाजपाई एवं साहू समाज के अनुयायी उपस्थित रहे।

### विशाल रक्तदान शिविर में 64 रक्तवीरों ने किया रक्तदान

#### रक्तवीरों को हेलमेट देकर किया गया सम्मानित



डोंगरगांव (दावा)। नगर के दिगंबर जैन भवन में आज 16 सितंबर मंगलवार को सुबह 10 बजे से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव, रक्तवीरों का हेलमेट देकर सम्मान,

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद, हेलमेट संगवारी, नन्देश्वर युवा समिति का सहयोग रहा। वहीं सकल जैन समाज व प्रेस क्लब डोंगरगांव का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान चिकित्सा शिविर में मुख्य रूप से उपस्थित डॉ. गौरव जैन के द्वारा निशुल्क चिकित्सा परामर्श दिया गया। बात दें श्री जैन कोरोना काल मे भी अपनी सेवाएं दी थी। इस शिविर में 64 रक्तवीरों ने रक्तदान किया गया। वहीं हेलमेट संगवारी के संयोजक धर्मेंद्र साहू सहित नपं अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, पार्षद लक्ष्मीनारायण सेन, फनेन्द्र जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा रक्तवीरों को निःशुल्क हेलमेट प्रदाय किया गया। शिविर में नपं सीएमओ विनम्र जेमा, प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रेम गोस्वामी सहित नगर के युवा, युवती व गणमान्य नागरिकों व अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने रक्तदान किया।

# नगर पालिका हमारा है, हम खैरागढ़ के लोग हैं, अंदर तो बुलाओ, पानी तो पिलाओ

## गुस्साए वार्डवासियों ने पानी संकट को लेकर नगर पालिका कार्यालय के सामने मटका फोड़कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया



खैरागढ़ (दावा)। पानी संकट को लेकर गुस्साए वार्डवासीयों ने नगर पालिका परिषद के खिलाफ वार्ड नंबर 19 नया टिकरापारा के रहवासी मंगलवार को सड़क पर उतर आए। पानी की गंभीर समस्या को लेकर वार्डवासियों ने नगर पालिका परिषद का घेराव किया और सीएमओ कार्यालय के सामने मटका फोड़कर विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान 'नगर पालिका सीएमओ मुर्दाबाद, भाजपा सरकार होश में आओ, पानी दो या चूड़ी पहन लो' जैसे नारे गूंजते रहे।

### नगर पालिका प्रशासन कुंभकर्णी नींद में सोई हुई है

वार्डवासियों का कहना है कि लगातार शिकायतों के बावजूद पानी की समस्या जस की तस बनी हुई है। जुलाई माह में भी आवेदन दिया गया था। लेकिन कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई।। नल से पानी न आने की वजह से लोगों को रोजाना पीने के पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है । जिससे महिलाओं और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है।

### उग्र आंदोलन की चेतावनी

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही पानी की टंकी निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। वार्ड की महिला पार्वती ने बताया कि पानी के साथ-साथ विद्युत खंभे की लाइट खराब है और नालियों की समस्या भी बनी हुई है। जिससे मोहल्लेवासी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं।

### प्रदर्शन में मिशन संडे टीम भी

इस प्रदर्शन में मिशन संडे की टीम भी शामिल रही। संयोजक मनराखन देवांगन ने कहा कि जनता बुनियादी सुविधा के लिए तरस रही है और जिम्मेदार अधिकारी मौन धारण किए बैठे हैं। पानी जैसी मूलभूत समस्या का समाधान तत्काल होना चाहिए।

### जमापारा वार्ड में भी इसी तरह पानी की किल्लत बनी हुई है

विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में वार्डवासी और मिशन संडे के सदस्य शामिल रहे।। प्रमुख रूप से उपस्थित लोगों में नगरपालिका परिषद के नेताप्रतिपक्ष दीपक देवांगन, अरुण भारद्वाज, पार्वती साहू, उल्फी वर्मा, कमल साहू, लेखन साहू, दुलारू वर्मा, अनीता यादव, ज्योति यादव, रामेश्वरी यादव, लक्ष्मी, पार्वती, राधा निषाद, हेमलता, सुमन यादव, महेश यादव, शेखर दास वैष्णव, संत निषाद, सूर्यकांत यादव, राहुल बंजारे, भागीरथी, राजा लहरे, सुदर्शन ढीमर, रविंद्र गहेरवार सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## आज हर्षोल्लास से पूजे जाएंगे देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा जी

राजनांदगांव (दावा)। अश्विनी मासके कृष्ण पक्ष की ग्यारहवीं तिथि को आज सृष्टि के प्रथम अभियंता देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। भगवान विश्वकर्मा आज कल-कारखानों से लेकर मशीनरी स्थान व अन्य कर्म स्थलों में हर्षोल्लास के साथ विराजेंगे। बता दें कि शहर के मूर्तिकारों के यहां भगवान विश्वकर्मा की आकर्षक प्रतिमाएं बन कर तैयार है। मंगलवार को मूर्तिकारों द्वारा देर रात तक जाग कर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमाओं को अंतिम टच दे दी गई है। शहर के पुत्री शाला रोड में भगवान गणेश सहित भगवान श्री कृष्ण, मां दुर्गा प्रतिमा व भगवान विश्वकर्मा की आकर्षक प्रतिमाएं बनाने वाले मुर्तिकार कृष्णा पाल ने बताया कि आज भगवान विश्वकर्मा जयंती के दिन प्रथम देव शिल्पी की प्रतिमाएं ले जाने वालों की भीड़ रहेगी।

### निगम में होगी श्री विश्वकर्मा प्रतिमा की स्थापना

बता दें कि नगर निगम द्वारा प्रतिवर्ष भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर मोटर प्रतिपालन विभाग टांकापारा पानी टंकी स्थल में धूमधाम के साथ भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित की जाती है। इसी तरह मोहारा स्थित वाटर फिल्टर प्लांट में भी भगवान विश्वकर्मा धूमधाम के साथ विराजते हैं। बता दें कि सृष्टि के प्रथम देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा ने रावण की सोने की लंका सहित पुष्पक विमान, द्वारिका में भगवान श्री कृष्ण की नगरी पांडवों की हस्तिनापुर में इंद्रप्रस्थ नामक भव्य महल सहित अन्य आयुधों का निर्माण किया है। इसलिए वे देव युग के प्रथम इंजीनियर देवशिल्पी माने जाते हैं।

आज भगवान विश्वकर्मा की धूमधाम के साथ पूजा-आराधना की जाएगी। प्रत्येक कल कारखानों व मशीनरी वाले स्थानों सहित कार्मिक स्थलों पर भगवान विश्वकर्मा धूमधाम के साथ पूजे जाएंगे।

## बिल्डिंग ठेकेदारों द्वारा कल आडिटोरियम में धरोहर का रंगारंग लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम

राजनांदगांव (दावा)। सृष्टि के प्रथम देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर बिल्डिंग ठेकेदारों द्वारा शहर में पूरे हर्षोल्लास के साथ भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती मनाया जा रहा है। भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर बिल्डिंग ठेकेदार संघ द्वारा कल गुरुवार 18 सितंबर को गौरव पथ स्थित पद्मश्री आडिटोरियम में संध्या 6 बजे मुख्य अतिथि सांसद संतोष पाण्डे के व महापौर मधुसूदन यादव की अध्यक्षता में रंगारंग लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस दौरान अंचल के सुप्रसिद्ध लोक गायक महादेव हिरवानी द्वारा संचालित लोक सांस्कृतिक संस्था 'धरोहर' के कलाकारों द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी। बिल्डिंग ठेकेदार संघ के अध्यक्ष रामलाल बघेल व उपाध्यक्ष सिद्धार्थ डोंगरे ने रंगारंग लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की गई है।

## दस्तावेज लेखक व स्टाम्प विक्रेताओं की एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल



डोंगरगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ दस्तावेज लेखक एवं स्टाम्प विक्रेता जनकल्याण संघ परिवार छत्तीसगढ़ के प्रमुख सदस्य महेंद्र सिंह ठाकुर पर बिना जांच के पुलिस कार्रवाई करने एवं पंजीयन विभाग में पदस्थ कम्प्यूटर ऑपरेटर की मनमानी के विरोध में 16 सितंबर को प्रदेश व्यापी एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल किया गया। इसी कड़ी में नगर के दस्तावेज लेखक व स्टाम्प वेंडरों ने भी काम बंद कर श्री ठाकुर के रिहाई और विभिन्न मांगों के लिए हड़ताल किया। बता दें कि बिलासपुर के दस्तावेज लेखक महेंद्र सिंह ठाकुर की पुलिस द्वारा की गई गिरफ्तारी का विरोध कर उन्हें तत्काल रिहा करने और घटना की समुचित जांच की मांग की गई है। वहीं छत्तीसगढ़ प्रदेश के पंजीयन विभाग में टॉपग्रेट कंपनी राजनांदगांव के माध्यम से नियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटर के मनमानी पूर्ण रवैया जिसके तहत उनके द्वारा पक्षकारों को बुलाकर रजिस्ट्री पंजीयन हेतु दस्तावेज तैयार करने, दस्तावेज प्रिंट हेतु रुपए की मांग करने, अपेक्षा पूर्ण नहीं होने पर तकनीकी खराबी का बहाना बना पक्षकारों को परेशान करने जैसे मामले का निराकरण करने की मांग है। साथ ही छत्तीसगढ़ प्रदेश दस्तावेज लेखकों की वर्षों पुरानी मांग मानदेय में बढ़ोतरी व छत्तीसगढ़ प्रदेश स्टांप वेंडर के कमीशन में बढ़ोतरी जैसे मांगों को लेकर एक दिवसीय हड़ताल किया गया है। वहीं उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि मांग पूरी नहीं होती है तो आगामी दिनों में अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी जिसकी जवाबदेही प्रशासन की होगी।

## पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़ में स्वच्छता पखवाड़े पर शपथ



खैरागढ़ (दावा)। पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़ में आज 16 सितंबर को स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ हुआ। प्रभारी प्राचार्य अंजय कुमार ने सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वच्छता की अवधारणा को अपने दैनिक जीवन में आत्मसात करने और उसका व्यवहार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता की शुरुआत पहले स्वयं से होनी चाहिए और इसके वृहद रूप में पूरे देश के स्वच्छता अभियान में अपना योगदान करना चाहिए। विद्यालय के स्वच्छता अभियान के प्रभारी घनश्याम गिरिया ने स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न दिवसों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रभारी प्राचार्य अंजय कुमार और अन्य शिक्षकों तथा विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पण और उनके समक्ष दीप प्रज्वलन किया। इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों ने स्वच्छता अभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी का संकल्प व्यक्त किया। विद्यालय के प्रभारी मुख्याध्यापक विनोद परते ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन हिंदी शिक्षक डॉ. योगेंद्र पांडेय ने किया। इस अवसर पर सभी शिक्षकगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि विद्यालय में 16 से 30 सितंबर 2025 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

## नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव हुई शामिल




छुरिया (दावा)। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत चिरचारीखुर्द कर्मा भवन में आयोजित एक दिवसीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष संजय सिन्हा ने की साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति गोपाल भुआर्य, एम डी ठाकुर प्रदेश उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा, हिरेंद्र साहू जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा, चन्द्रिका डड़सेना जिला भाजपा उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत सदस्य भारती देवांगन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि आयुष एक वृक्ष की तरह है, जिसके नीचे कई चिकित्सा व्यवस्थाएं पनपती हैं। आयुष स्वास्थ्य मेला एक ऐसा कार्यक्रम है जो आयुर्वेदिक, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, होम्योपैथी और हर्बल कल्याण को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जाता है. श्रीमती वैष्णव ने कहा कि स्वास्थ्य मेलों का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना, निःशुल्क चिकित्सा परामर्श और उपचार प्रदान करना तथा लोगों को समग्र स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। साथ ही उक्त शिविर को कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथियों द्वारा भी संबोधित करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर राजेश सिन्हा संरपच, डुमेश्वर साहू, चित्ररेखा साहू, नैन सिंह पटेल, अशोक सेन, निमेश साहू, मदन साहू, शिवलाल साहू, खिलाड़ी सर, शिविर प्रभारी डॉ.अनिरुद्ध पटेल, डॉ. शिल्पा मिश्रा जिला आयुष अधिकारी, डॉ. वर्षा नागवंशी, डॉ.श्रीयता कुरोठे, डॉ.प्रीती बोरकर, डॉ.रेखा साहू, डॉ. प्रजली शुक्ला उपस्थित थे। उक्त शिविर में 200 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया।

## आसरा पंचायत के सरपंच ने अपने निजी वाहन से दी श्रद्धांजलि योजना की राशि



डोंगरगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वकांक्षी योजना में से एक श्रद्धांजलि योजना चलाई जाती है। जिसके तहत अचानक किसी परिवार में कोई मृत्यु होने पर तत्कालिक सहायता के रूप ने दो हजार रुपये की मदद की जाती है। वर्तमान में यह राशि पंचायतों को प्राप्त नहीं हो रहा है जिससे पीड़ित परिवारों को सहायता नहीं मिल पा रहा है। वहीं दूसरी ओर यह राशि आसरा पंचायत में उपलब्ध नहीं होने पर ग्राम पंचायत सरपंच शरद वैष्णव ने अपने निजी वहन से यह राशि गांव के चार पीड़ित परिवार को प्रदानकर सहायता की है। उन्होंने बताया कि श्रद्धांजलि योजना इसका उद्देश्य गरीब परिवारों को अचानक होने वाली मृत्यु के बाद उनके अंतिम संस्कार के खर्च में मदद करना है. मेरे पंचायत में गरीब मृतक के परिवारों को छोटी सी अर्थिक सहायता राशि दी गयी गई। वर्तमान में यह राशि पंचायत में अप्राप्त है जिसके चलते गरीब पीड़ित परिवारों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। यह राशि सभी पंचायतों को जारी किया जाना चाहिए ताकि समय रहते मदद हो सके।

## वीरांगना अवंती बाई कालेज में रजत जयंती पर हुआ एलुमिनी मीट



छुईखदान (दावा)। वीरांगना अवंती बाई शासकीय महाविद्यालय छुईखदान में आज 16 सितंबर को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना रजत जयंती वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम व एलुमिनी मीट का आयोजन हुआ। इसमें सबसे पहले भूतपूर्व विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। महाविद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थियों ने अपने अनुभव बाकी विद्यार्थियों से साझा किए। एलुमिनी मीट के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके तहत छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य व वेशभूषा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष महेश नारकर, सदस्य महावीर जैन सदस्य कमलेश साहू, भूतपूर्व विद्यार्थी शुभम चंद्राकर योगेश चंद्राकर गौतम सेन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. जयती बिस्वास, सहायक प्राध्यापक श्रीमती निरूपा वैष्णव, विजय कुमार तथा बड़ी संख्या में महाविद्यालय के विद्यार्थी व भूतपूर्व विद्यार्थी उपस्थित थे, कार्यक्रम के विजेताओं को वार्षिक उत्सव के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा, कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के सांस्कृतिक, साहित्यिक प्रभारी सहायक प्राध्यापक प्रेम प्रताप नेताम ने किया।

## हिंदी दिवस पर छात्रों ने दिखाई रचनात्मकता




अम्बागढ़ चौकी (दावा)। जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के अंबागढ़ चौकी स्थित शासकीय लाल चक्रधर शाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिंदी दिवस उत्साह और गरिमामय माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. के.आर. मंडावी ने की। इस अवसर पर प्राध्यापक जे.आर. परतेती, डॉ. एन.के. कुर्रे, ओ.पी. राणा, डॉ. जे.पी. सूर्यवंशी, अंजली कुजाम सहित सभी विभागों के प्राध्यापक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन से हुआ। प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को हिंदी भाषा की परंपरा, महत्व और व्यवहारिक ज्ञान से अवगत कराया। गौतम राम यादव ने काव्य पाठ कर छात्रों को हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए प्रेरित किया।

छात्रों ने भाषण और कविता पाठ प्रस्तुत किए। हिंदी पखवाड़ा (11 सितम्बर) के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में लितेश्वरी (प्रथम), देविका चौरे (द्वितीय), अमनदीप कौर (तृतीय) रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में वोमन कुमार (प्रथम), भूमिका साहू (द्वितीय), नीलम देवांगन (तृतीय) को पुरस्कार दिए गए।

कार्यक्रम का संचालन देविका (एम.ए. प्रथम सेमेस्टर) ने किया और आभार प्रदर्शन मनीष कुमार कुर्रे ने किया। हिंदी दिवस का यह आयोजन छात्रों व प्राध्यापकों के लिए प्रेरणादायी और अविस्मरणीय रहा।

# नगर निगम के व्यवसायिक परिसरों का मिला मालिकाना हक

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम राजनांदगांव द्वारा विगत वर्षों में विभिन्न स्थानों में व्यवसायिक परिसर का निर्माण कर भू-तल एवं प्रथम तल में दुकान का निर्माण किया गया है। व्यवसायिक परिसर की भूमि शासकीय नजूल भूमि थी, जिसे महापौर मधुसूदन यादव के निर्देश पर भूमि आबंटन की मांग की गयी। निगम सीमाक्षेत्र के 8 स्थानों में निर्मित व्यवसायिक परिसरों के भूमि का कलेक्टर राजनांदगांव द्वारा मालिकाना हक दिया गया।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न 8 स्थानों में निर्मित व्यवसायिक परिसर जिसमें गुडाखू लाईन औषधालय के सामने खसरा नं. 152 का भाग से 1680 वर्ग फीट, टाकाघर के सामने खसरा नं. 102 का भाग में 4200 वर्ग फीट, पुराना गंज मण्डी के सामने खसरा 282 का भाग से 8479 वर्गफीट, पुराना गंज मण्डी बालोद रोड के पास खसरा नं. 287 का भाग 7480 वर्गफीट, ग्राम नंदई प.ह.न. 41 के खसरा नं. 841/1 से 9120 वर्गफीट, मोतीपुर खेल मैदान व्यवसायिक परिसर खसरा नं. 79/1 में 2160 वर्गफीट, पुराना सफाई कार्यालय स्टेशन रोड काम्प्लेक्स प.ह.न. 40 खसरा नं. 100 का भाग से 3960 वर्गफीट, पुत्रीशाला व्यवसायिक परिसर खसरा नं. 263 का भाग से 2970 वर्गफीट एवं महावीर चौक सर्वेश्वरदास स्कूल व्यवसायिक परिसर खसरा नं. 1662/2 का भाग से 7296 वर्गफीट भूमि में निर्मित व्यवसायिक परिसरो के लिए महापौर मधुसूदन यादव की पहल पर भूमि आबंटन की मांग की गयी थी, जिसका विधिवत आबंटन कलेक्टर राजनांदगांव सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे द्वारा किया गया। जिससे उक्त व्यवसायिक परिसरों का मालिकाना हक नगर निगम को प्राप्त हुआ। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि भूमि आबंटन पश्चात नगर निगम द्वारा निर्मित शेष दुकानों की नीलामी के निर्देश महापौर द्वारा दिये गये, निर्देश के अनुक्रम में महावीर चौक सर्वेश्वरदास स्कूल के पास निर्मित व्यवसायिक परिसर के दुकानों की प्रक्रिया की जा रही है, जिसकी 9 अक्टूबर 2025 को नगर निगम द्वारा विधिवत नीलामी की जावेगी। इसी प्रकार शेष दुकानों की भी नीलामी प्रक्रिया अतिशीघ्र की जावेगी। उन्होंने बताया कि पूर्व में दुकानों की नीलामी पश्चात प्रीमियम राशि का 4.80 प्रतिशत राशि प्रति माह किराया के रूप में निगम में जमा करना होता था, परंतु आज दिनांक को उक्त दुकानों को लिये जाने पर शासन का पत्र क्रमांक एफ-5-31 दिनांक 25 नवम्बर 2019 के आदेशानुसार सिर्फ 2 प्रतिशत किराया के रूप में लिया जायेगा। इस प्रकार किराये की राशि पूर्व में लगने वाली राशि के आधे से भी कम हो गयी है।

इस संबंध में महापौर मधुसूदन यादव ने नागरिकों से अपील की है कि अब निगम द्वारा निर्मित व्यवसायिक परिसरों के दुकानों की विधिवत नीलामी में भाग लेकर कम किराया का लाभ उठा स्वयं के दुकान में व्यवसाय करें।

# संस्कारधानी सेवा अनुरूप बागेश्वर धाम मंदिर में मां बम्लेश्वरी पदयात्री सेवा, भावेश अग्रवाल बने सेवा अध्यक्ष



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी सेवा प्रकल्प के तहत प्रति नवरात्र अनुसार मां बम्लेश्वरी जाने वाले पदयात्रियो की सेवा कुंवार नवरात्र मे सेवा ही उददेश्य के तहत मां बमलेश्वरी देवी सेवा पंडाल श्री बागेश्वर धाम मंदिर उत्सव भवन में नगर वासियों शिव भक्तो द्वारा की जावेगी. सनातन धर्म में मानव धर्मार्थ सेवा ही श्रेष्ठ सेवा है, इसी उद्देश्य के तहत डोंगरगढ़ में माता बमलेश्वरी तीर्थ दर्शन को जाने वाले पदयात्रियों की सेवा हेतु पूर्व तैयारियों एवं सेवा कार्यकारिणी गठन के लिए श्री बागेश्वर धाम भवन में बैठक आयोजित की गईं जिसकी जानकारी देते हुए आयोजन समिति के संयोजक पंकज गुप्ता, सूरज गुप्ता, राकेश ठाकुर, विजय गुप्ता, राजेश शर्मा, सौरभ खंडेलवाल ने बताया कि श्री बागेश्वर उत्सव भवन में पदयात्रियों हेतु विशेषकर विश्राम,स्नान, शौच, के साथ-साथ, स्वल्पाहार, भोजन, फल, मोबाईल चार्जिंग आदि की सुविधा रहती हैं. सेवा व कार्य विभाजन हेतु आयोजित बैठक में संरक्षक डी सी जैन, हरजीत भाटिया शैलेन्द्र तिवारी रामावतार जोशी, अमलेंदु हाजरा, राजेश शर्मा, शरद गुप्ता राकेश ठाकुर, योगेश साहू, सौरभ खंडेलवाल, श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता द्वारा अपने विचार प्रकट किये गए। इस धर्मार्थ सेवा आयोजन हेतु आयोजन समिति गठित की गई जिसका सेवा अध्यक्ष भावेश अंग्रवाल (गंगई) को सर्वसम्मति से सचिव महेश शर्मा, कोषाध्यक्ष सूरज गुप्ता को बनाया गयाँ शेष कार्यकारिणी में संरक्षक डी.सी. जैन, सोहनलाल गुप्ता, हरजीत भाटिया, कैलाशचंद गुप्ता, रामावतार जोशी, श्रीमती शारदा तिवारी, संयोजक-पंकज गुप्ता,राकेश ठाकुर,सौरभ खंडेलवाल, हरीश गाँधी, योगेश साहू, राजेश शर्मा, निकुंज सिंघल, संदेश जैन,शरद गुप्ता, गणेश गुप्ता उपाध्यक्ष- मयंक शर्मा, दिनेश अग्रवाल, महिला संयोजक- श्रीमति मधू खंडेलवाल, लक्ष्मी गुप्ता,माया अग्रवाल,दुर्गा गुप्ता, मौसमी शर्मा, वंदना गुप्ता स्वागत अध्यक्ष- श्रीमति प्रज्ञा गुप्ता,प्रतिभा खंडेलवाल, सचिव- महेश शर्मा, सहसचिव- सौरभ गुप्ता, मनीष यादव, विनय साहू, व्यवस्था प्रभारी- कांति मौर्य, ज्योति गुप्ता, ममता शर्मा, मधु अग्रवाल, महिला उपाध्यक्ष- मोना गोसाई,आरती गुप्ता, चंचल गुप्ता, प्रीति गुप्ता , प्रचार प्रभारी, भवन प्रभारी, विजय गुप्ता, शैलेन्द्र तिवारी,अजय गुप्ता, विलास नारायणराव घनश्याम भूतडा सांस्कृतिक प्रभारी, राजा गुप्ता, गोंविद जोशी विकास गुप्ता, कैलाश गुप्ता, प्रचार प्रसार प्रभारी अंशुल कसार, कैलाश गुप्ता को सेवा आयोजन समिति की सेवा कार्यकारिणी में शामिल किया गया है।

# बिजली दर वृद्धि के खिलाफ युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

## बहरी सरकार को जगाने बजाई बीन निकाला जुलूस जलाया पुतला



राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव विधानसभा के सुकुलदैहान में युवा कांग्रेस ने बिजली दर वृद्धि के खिलाफ प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और विधायक रमन सिंह का पुतला जलाया।

राष्ट्रीय सचिव युवा कांग्रेस निखिल द्विवेदी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने बिजली दर में डेढ़ साल में चार बार वृद्धि की है, जिससे आम जनता परेशान हो रही है भाजपा सरकार ने बिजली बिल दुगना कर दिया है युवा कांग्रेस ने मांग की कि बिजली दर वृद्धि को वापस लिया जाए और आम जनता को राहत प्रदान की जाए नहीं तो पूरे प्रदेश में आंदोलन जारी रहेगा। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि भाजपा सरकार पर आरोप लगाया गया कि उन्होंने कांग्रेस की जन हितैषी बिजली बिल हाफ योजना को बंद कर महतारी वंदन का पैसा बिजली के बिल के झटके से दे रही है। प्रदर्शन की शुरुआत मुख्यमंत्री और विधायक के पुतले के सामने बिन बजा जुलूस निकाल कर उन्हें जगाने का प्रयास किया गया। इसके बाद पुतला दहन कर ज्ञापन सौंपा गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव निखिल द्विवेदी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष भागवत साहू कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष पंकज बांधव,युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष महेश सेन ,उपाध्यक्ष ऋषि शास्त्री ग्रामीण जिला सचिव चंद्रशेखर मलेकर मंडल अध्यक्ष नंदलाल बंदे मंडल अध्यक्ष परमानंद वर्मा, जनपद सदस्य दीपा बंजारे सरपंच जागेश्वर देवांगन पूर्व पार्षद गणेश पवार राजा यादव शुभम प्रजापति राहुल साहू महेश्वर वर्मा,प्रमोद मारकंडे, सरपंच खेमचंद मारकंडे, योगेंद्र वर्मा,शेखर वर्मा,बृजदास,भुनेश्वर साहू,जागेश्वर वर्मा, खोमलाल, सूरज मंडल, ठाकुर राम सैकड़ों संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बिलासपुर दस्तावेज लेखक की गिरफ्तारी एवं जेल दाखिल के विरोध में सांकेतिक हड़ताल



डोंगरगढ़(दावा)। छ.ग. प्रदेश दस्तावेज लेखक जन कल्याण संघ के आहवान पर बिलासपुर दस्तावेज लेखक की गिरफ्तारी एवं जेल दाखिल के विरोध में दिनांक 16 सितंबर 2025 को स्थानीय दस्तावेज लेखक एवं स्टाम्प वेण्डर संघ द्वारा सांकेतिक हडताल की गई। कुछ दिनों पूर्व बिलासपुर के दस्तावेज लेखक महेन्द्र सिंह ठाकुर को जमीन की रजिस्ट्री प्रकरण के सम्बंध में गिरफ्तार करने तथा जेल दाखिल करने का दस्तावेज लेखक एवं स्टाम्प वेण्डर संघ द्वारा घोर निन्दा कर प्रशासन द्वारा किए गए कृत्य की भर्त्सना की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज एक भी रजिस्ट्री नहीं हुई, तहसील कार्यालय में रजिस्ट्री व लिखा पढ़ी से संबंधित काम - धाम बंद रहा। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि, दस्तावेज लेखक का कार्य कृषि भूमि या अन्य भूमि का दस्तावेज तैयार शासकीय दस्तावेज के साक्ष्य को देख कर किया जाता है। दस्तावेज लेखक के खिलाफ सीधा प्रकरण बनाकर गिरफ्तार करना, जेल दाखिल करना सरासर न्याय संगत नहीं है। दस्तावेज लेखक स्टाम्प वेण्डर संघ की मांग है कि महेन्द्र सिंह ठाकुर के खिलाफ उठाये गये कदम को निरस्त कर महेन्द्र सिंह ठाकुर को तुरन्त रिहा किया जावें। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कैलाश शर्मा, वेंकट राव बहेकर, रविन्द्र तिवारी, जामवंत देवांगन, श्रीनिवास जन बंधु, सूरज शाह, संजय टेंभुरकर, भेषज नामदेव आदि सभी संगठन के सदस्यों ने अपनी उपस्थित दी।

# दिग्विजय कालेज में डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी सम्मान से सम्मानित हुए सुशील कोठारी



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक वरिष्ठ कवि साहित्यकार आत्माराम कोशा 'अमात्य' सहित दिग्विजय कालेज के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ.शंकर मुनि राय, साहित्य सुधि राकेश इंदूभूषण ठाकुर, अमलेंदू हाजरा, वरिष्ठ पत्रकार अतुल श्रीवास्तव, रविंद्र मुदिराज आदि ने श्री कोठारी को दी बधाई एवं शुभकामनाएं।

# मासूम के साथ हुई दरिंदगी से आक्रोशित विहिप बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन



डोंगरगढ़(दावा)। माई की नगरी डोंगरगढ़ में 2 दिन पूर्व हुई 4 साल की मासूम के साथ दरिंदगी अनाचार से पूरा शहर आक्रोशित है। कुछ दिन नवरात्रि को शेष है, उस बीच इतनी बड़ी घटना शहर में होना निंदनीय है अपराधी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है, जिसे लेकर आज विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल मौर्या बॉयस के बजरंगियों ने परिजन के साथ थाना प्रभारी को ज्ञापन सौपा व अपराधी पर कड़ी कार्यवाही करते हुए फांसी की सजा की मांग की ताकि भविष्य में इस तरह मानवता को शर्मसार करने वाली घटना धर्मनगरी में न हो।

बजरंग दल के जिला सह संयोजक हनी गुप्ता ने कहा कि माँ बम्लेश्वरी की नगरी डोंगरगढ़ में इस तरह की पहली घटना है कुछ दिन में मां की आराधना भक्ति में पूरा शहर लग जायेगा उस बीच इस तरह की घटना होना पूरे शहर को झझोर कर रख दिया है। आज सभी माता-पिता अपने बच्चे को लेकर चिंतित भयभीत है, संवेदनशील मामले में सतर्कता जरूरी बालिका से अनाचार की घटना आरोपी की घृणित मानसिकता को दर्शाति है। आरोपी को फांसी के फंदे तक पहुंचना जरूरी है, जिससे बच्ची व परिजन को न्याय मिल सकें। न्याय उचित न्याय न मिलने पर शहर में परिजन के साथ मिलकर आंदोलन की बात कही।

ज्ञापन देने के दौरान नगर के विहिप के नगर अध्यक्ष बालमुकुंद तराने, मंत्री अभिषेक साहू, जिज्ञाशू टांक, भूषण सिन्हा, नगर संयोजक ऋषभ डकाहा, सह संयोजक गौरव अग्रवाल, दुर्गेश सिन्हा, शुभम परिहार, रोहित बोस,हिमाशु डकाहा, आकाश मरकाम,तरुण ठाकुर, भावेश तराने,राहुल करसे, रमेश चक्रधारी, गोपी,मनहर कुम्भकार, कुंदन, गणेश,संजय वर्मा जानकारी विहिप के प्रचार प्रसार प्रमुख विमल अग्रवाल ने दी।

# छत्तीसगढ़ सुन्नी मुस्लिम मनिहार बिरादरी वेलफेयर सोसाइटी के असलम अशरफ़ी साहब धमतरी निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित



राजनांदगांव (दावा)। मुस्लिम मनीहार समाज हमेशा से परसुकून, शांत मिज़ाज और मिलनसार बिरादरी रही है। यहाँ हमेशा भाईचारे और इत्तेफ़ाक़ की मिसाल कायम रही है। इस समाज में बड़े तालीमयाफ़्ता और हुनरमंद अफ़राद भी शामिल हैं, जो वकालत, प्रोफ़ेसर, एजुकेशन डिपार्टमेंट, राजस्व और इंतज़ामी महक़मे समेत सरकारी ओहदों पर कामयाब ख़िदमात अंजाम दे रहे हैं।

इस मौक़े पर राजनांदगांव के मुस्लिम जमात खाना में बड़े शानो-शौकत से प्रोग्राम किया गया, जिसमें मौजूदा महापौर जनाब मधुसूदन यादव साहब और भूतपूर्व मेयर श्रीमती हेमा देशमुख साहिबा और अन्य पार्षदो ने शिरकत फ़रमाई।

इस प्रोग्राम में मेयर मधुसूदन यादव जी ने मनिहार समाज को संगठित होकर अपने समाज के कमजोर लोगों के रोजगार व शिक्षा पर कार्य करने की प्रेरणा प्रदान की साथ ही नए प्रदेश अध्यक्ष को बधाई भी दी भूतपूर्व मेयर साहिबा ने मनिहार समाज की तारीफ करते हुए कहा कि मेरे कार्यकाल में मैंने करोना के वक्त में मनिहार समाज को मुस्लिम समाज के अलावा और भी समझो की मदद करते हुए देखा है।

मौजूदा मेयर मधुसूदन यादव साहब को हाजी रईस अहमद साहब ने राजनांदगांव में मनिहार समाज को अपने सामाजिक कार्यक्रम करने के लिए सामुदायिक भवन बनवाने के लिए शासकीय भूमि प्रदानकरने की गुजारिश की और शकील अहमद साहब बिलासपुर ने दर्ख़्वास्त की कि मुस्लिम मनीहार जमात जो ओबीसी में आती है और बिरादरी के पढ़ने लिखने वाले बच्चों को पिछड़ी जाति का सर्टिफ़िकेट दिलवाने में मदद की जाए। यादव साहब ने पूरा यक़ीन दिलाया कि वो इस सिलसिले में भरपूर योगदान देंगे। इस मौके पर तक़रीबन ढाई सौ लोग प्रदेश के सभी शहरों से इस प्रोग्राम में पहुंचे। प्रोग्राम दोपहर 12 बजे शुरू होकर शाम 5.30 बजे तक जारी रहा।

प्रोग्राम में बाहर से आए हुए लोगों ने समाज को किस तरह संगठित कर केंद्र व राज्य सरकार की मुख्य धारा से जोड सके इस पर अपनी अपनी ओर से राय प्रस्तुत की साथ ही प्रदेश मनिहार बिरादरी के लोगों ने छत्तीसगढ़ प्रदेश मनिहार समाज के पूर्व अध्यक्ष हाजी रईस अहमद शकील साहब व उनकी कमेटी के सदस्यों के पिछले 3 साल के कुशल कार्यकाल की बधाई देते हुए उनका व उनकी कमेटी का आभार व्यक्त किया।

समाज के लोगों ने समाज की ओर से बनाई गई चुनाव समिति व जोन प्रभारी हाजी प्रोफेसर मोहम्मद आरिफ दुर्ग हाजी वसीम अहमद जगदलपुर शकील अहमद बिलासपुर मोहम्मद नईम एडवोकेट रायपुर अब्दुल मुकीम रायपुर अब्दुल अलीम बिलासपुर नौशाद बख्श महासमुंद अनीश मनिहार रायपुर इकबाल हंफी भाटापारा हाफिज वारसी राजनांदगांव का भी आभार व्यक्त किया कि इस चुनाव समिति ने निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव को अंजाम तक पहुंचा।

इस प्रोग्राम में छत्तीसगढ़ मनिहार बिरादरी के सभी शहरों से आए हुए लोगो ने पंजाब में आई हुई आपदा के लिए वहां के लोगों को राहत सामग्री भेजाने के लिए फंड इकट्ठा किया जिस पर मुस्लिम मनिहार प्रदेश बिरादरी के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष असलम अशरफी साहब ने समाज के लोगों का शुक्रिया अदा किया।

राजनांदगांव में छत्तीसगढ़ मुस्लिम मनिहार बिरादरी का यह प्रोग्राम छत्तीसगढ़ प्रदेश कमेटी की पूर्व कार्यकारिणी के हाजी रईस अहमद शकील साहब हाजी अब्दुल फहीम साहब हाजी शमीम अहमद साहब शकील अहमद साहब असलम अशरफी साहब अब्दुल मुकीम साहब व राजनांदगांव मनिहार बिरादरी की लोकल कमेटी कदीर अहमद साहब हाफिज वारसी साहब इरफान गोलू साहब हकीम भाई साहब और अब्दुल हक साहब व राजनांदगांव की मनिहार बिरादरी के सदस्यों की देखरेख में संपन्न हुआ।

# कस्तूरबा में एडवांस एक्यूप्रेशर थेरेपी लेने उमड़े लोग, सेनेटरी पेड की उपयोगिता से परिचित हुई महिलाएं



**एडवांस थेरेपी की जांच से पता चल जाता है अंदरुनी बीमारियां - नेहा गुप्ता**

राजनांदगांव (दावा)। हिन्दी दिवस के अवसर समाज सेवी महिलाओं का संगठन कस्तुरबा महिला मंडल द्वारा स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान सहित निःशुल्क एडवांस डिवाइस एक्यूप्रेशर चिकित्सा थेरेपी का आयोजन किया गया। कस्तूरबा भवन में 14 सितंबर को आयोजित उक्त कार्यक्रम के अतिथि लोकअदालत दुर्ग की नेहा गुप्ता व सवेरा-संकेत के प्रधान संपादक सुशील कोठारी जी थे। जिनके द्वारा हिंदी दिवस की सबको शुभकामनाएं दी गई और कहा गया कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है। इसका अधिकाधिक रुप में उपयोग किया जाना चाहिए। वहीं लोकपाल नेहा गुप्ता ने कहा कि एडवांस चिकित्सा थेरेपी से शरीर के अंदरुनी बीमारियों का पता चल जाता है। इसके बाद उसका उपचार किए जाने में सहुलियत होती है। इस अवसर पर विशेष रुप से उपस्थित प्रजा पिता ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय की संरक्षिका पुष्पा बहन, प्रभा बहन, कस्तूरबा महिला मंडल की संरक्षिका श्रीमती सरस्वती माहेश्वरी, शारदा तिवारी, अध्यक्ष अलका जानी आदि की उपस्थिति में अतिथियों द्वारा कस्तूरबा स्कूल के प्राचार्य प्रवीण गुप्ता, श्रीमती ज्योति श्रीवास्तव, तनुजा महिलांगे, उमा सिन्हा, कोमल वासनिक, संगीता यादव, नसरीन अख्तर, नम्रता साहू, स्वाति डूमरे, हेमवती गुप्ता, सपना आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया। कस्तूरबा महिला मंडल द्वारा कस्तूरबा भवन में रविवार प्रातः 11 बजे से आयोजित उक्त निःशुल्क एडवांस एक्यूप्रेशर चिकित्सा थेरेपी के पहले बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं को उक्त चिकित्सा थेरेपी के विशेषज्ञ डॉ अनिल श्रीवास्तव द्वारा बाजार में मिलने वाले सेनेटरी पेड की उपयोगिता और इससे आगे चलकर उत्पन्न होने वाली परेशानियों के संबंध में डेमो के माध्यम से दिखाया गया। साथ ही बताया गया कि महिलाओं द्वारा ट्रेडिशनल उपयोग किए जाने वाले घरेलू पेड इससे कहीं ज्यादा अच्छा है। बाजार में मिलने वाली सेनेटरी पेड में प्लास्टिक व कागज की लुगदी सहित केमिकल का उपयोग होने के कारण महिलाओं के नाजुक व संवेदनशील अंग के लिए उन्होंने अनुपयुक्त बताया और कहा कि गंभीर बीमारियों से बचने सर्वाधिक रुप से सुरक्षित सेनेटरी पेड का उपयोग किया जाना चाहिए। एडवांस एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ डॉ. अनिल श्रीवास्तव ने अपने असिस्टेंट के साथ लगभग 50 से अधिक मरीजों की जापान निर्मित उक्त एडवांस एक्यूप्रेशर मशीन से जांच कर मरीजों के शरीर के सुचारू रक्त संचरण के लिए ब्लड सर्कुलेशन मसाज मशीन में कुछ देर खड़ा कर उन्हें शारीरिक व्याधि से राहत पहुंचाई। प्रातः 11 बजे से अनवरत रुप से जारी रहे उक्त एडवांस एक्यूप्रेशर चिकित्सा थेरेपी का लाभ लेने अपराह्न 4 बजे तक मरीजों की कतार रही। इस अवसर पर कस्तुरबा महिला मंडल की सचिव श्रीमती साधना तिवारी, आशा गुप्ता, श्रीमती शोभा चोपड़ा, अनीता जैन, प्रज्ञा बरडिया, पुष्पा अग्रवाल, अर्चना दास, उमा रुंगटा, उषा गुप्ता, उमा खंडेलवाल, जनक बाई गुप्ता, मुरलीधर सोमानी, सीताराम वैष्णव सहित बड़ी संख्या में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ लेने वाले लोग उपस्थित थे।

# भाजपा संगठन द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत विविध आयोजन

डोंगरगढ़(दावा)। इस वर्ष 'सेवा पखवाड़ा' 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर मनाया जा रहा है। इस पखवाड़े का उद्देश्य विभिन्न सेवा और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्गों तक पहुंचना है।



डोंगरगढ़ शहर भाजपा शहर मंडल की ओर से दिनांक 17 सितम्बर दिन बुधवार को सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम नीचे माँ बम्लेश्वरी मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए पूजन आरती एवं रक्तदान शिविर का आयोजन रखा गया है। तय किए गए कार्यक्रम के अनुसार नीचे माँ बम्लेश्वरी मंदिर में प्रधानमंत्री के लिए पूजन आरती सुबह 8:00 बजें, स्वच्छता पखवाड़ा साफ सफाई नीचे माँ बम्लेश्वरी मंदिर परिसर सुबह 9:00 बजे, रक्तदान शिविर का आयोजन नीचे मंदिर परिसर में सुबह 11:00 बजे से रखा गया है।

इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रामजी भारती, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शशीकांत द्विवेदी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह बन्नोंआना, नगरपालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, शहर मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोंआना, नगरपालिका उपाध्यक्ष उमामहेश वर्मा के अलावा उक्त कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ गण, सभी पार्षद गण, सभी पूर्व पार्षदगण, सभी मोर्चों प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी गण, सभी शक्ति केंद्र के प्रभारी संयोजक सह संयोजक गण, सभी बुथ अध्यक्षगण एवं सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रहेंगी। कार्यक्रम का स्थान नीचे माँ बम्लेश्वरी मंदिर परिसर रहेगा। जसमीत सिंह बन्नोंआना अध्यक्ष भाजपा शहर मंडल, महामंत्री विनीत यादव/विनय बंसल, संयोजक-कैलाश सोनवानी, सह-संयोजक अल्का सहारे/अजय शर्मा द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

## पहला कॉलम...

# स्मॉल फाइनेंस बैंक, गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थान, माइक्रो फाइनेंस और सूक्ष्म वित्त संस्थाओं की बैठक संपन्न

**भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करने के दिए निर्देश**



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर श्री प्रेम प्रकाश शर्मा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में स्मॉल फाइनेंस बैंक, गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थान, माइक्रो फाइनेंस एवं सूक्ष्म वित्त संस्थाओं की बैठक ली। अपर कलेक्टर ने भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा संपादित गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थान एवं सूक्ष्म वित्त संस्थाओं के प्रतिनिधियों को दिशा-निर्देशों के अनुसार ही ऋण एवं वसूली संबंधी मानकों का पालन सुनिश्चित करने कहा गया। उन्होंने ग्राहकों को ऋण से संबंधित ब्याज, बीमा, ऋण भुगतान अनुसूची, शिकायत निवारण प्रणाली, बैंक नोडल अधिकारी, अन्य नियम शर्तें एवं चार्जेज की जानकारी हिंदी भाषा में ही मुद्रित स्वीकृति पत्र, तथ्यात्मक विवरणी द्वारा दिए जाने तथा पारदर्शिता अपनाने कहा। सभी शाखाओं में बैंकिंग, ऋण- ब्याज, ग्राहक अधिकार एवं सेवाओं की मूलभूत जानकारियाँ भारतीय रिजर्व बैंक के नियमानुसार प्रदर्शित करने को कहा गया। शाखा प्रबंधकों को एजेंट द्वारा ऋण एवं वसूली में भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने कहा। जनसामान्य की बैंकिंग संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए लीड बैंक अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। किसी भी ग्राहक द्वारा बैंकिंग सेवा में समस्या होने पर लीड बैंक कार्यालय राजनादगांव से संपर्क किया जा सकता है। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती तनुप्रिया ठाकुर, जिला लीड बैंक अधिकारी मुनीष शर्मा सहित स्मॉल फाइनेंस एवं माईक्रो फाइनेंस बैंक के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# बकवास करना कांग्रेस की आदत बन चुकी है-आशीष डोंगरे

**कहा-वोट चोरी का आरोप लगाकर कोर्ट में सबूत तक नहीं पेश कर सके**



राजनांदगाँव (दावा)। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री व युवा नेता आशीष डोंगरे ने कांग्रेस के 'वोट चोर गद्दी छोड़' वाले बयान पर तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब केवल झूठे आरोप और बकवास भरी बयानबाज़ी करने की आदी हो चुकी है। जनता बार-बार कांग्रेस को नकार चुकी है, लेकिन फिर भी वह अपने राजनीतिक अस्तित्व को बचाने के लिए बेबुनियाद आरोप लगाने और खोखली बयानबाजी से आगे नहीं बढ़ पा रही है। श्री डोंगरे ने आगे कहा कि यदि कांग्रेस में अभी भी कुछ गिने-चुने समझदार और जिम्मेदार नेता शेष बचे हैं तो उन्हें चाहिए कि अपने राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी को समझाएं कि बयानबाजी का स्तर क्या होना चाहिए।

उन्होंने कहा राहुल जी की बिना सोचे-समझे की गई बयानबाजी पर आज जनता हंसती है। उनकी गैरजिम्मेंदार टिप्पणियों के कारण न केवल उनकी व्यक्तिगत छवि खराब होती है, बल्कि पूरी कांग्रेस पार्टी भी देशभर में हास्यास्पद स्थिति में आ जाती है। कांग्रेस केंद्र और राज्यों की सत्ता में वापसी के लिए बेताबी और छटपटाहट दिखा रही है। लेकिन उसकी असलियत जनता भली-भाँति समझ चुकी है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में आने का कांग्रेस का एकमात्र उद्देश्य जनता के पैसों पर ऐशो-आराम करना और परिवारवाद को बढ़ावा देना है। आशीष डोंगरे ने साफ कहा कि देश और प्रदेश की समझदार, विद्वान और जागरूक जनता कांग्रेस जैसी अवसरवादी और भ्रष्ट पार्टी को अब लायक नहीं मानती। यही कारण है कि जनता हर बार भाजपा पर भरोसा जताती है और उसे सत्ता की बागडोर सौंपती है। उन्होंने कहा भाजपा ही वह राजनीतिक शक्ति है जो सेवा भाव से जनता के बीच काम करती है विकास और स्थिरता की गारंटी देती है। जनता कांग्रेस की गुमराह करने वाली राजनीति को बार-बार नकार चुकी है और आगे भी नकारती रहेगी।

# हांगकांग के नाम जुड़ा शर्मनाक रिकॉर्ड, भारत, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के क्लब में हुआ शामिल



नई दिल्ली। एशिया कप 2025 में बीते रविवार को श्रीलंका और हांगकांग के बीच मुकाबला खेला गया. इस मैच को श्रीलंका ने हांगकांग को हराकर 4 विकेट से जीत लिया. इस हार के साथ ही हांगकांग की टीम एशिया कप 2025 से बाहर हो गई है. उसे अपने तीनों लीग मुकाबलों में हार मिली है. श्रीलंका की इस जीत के साथ ही हांगकांग की टीम के नाम एक अनचाहा रिकॉर्ड भी जुड़ गया है. तो आइए इस बारे में जानते हैं.

हांगकांग क्रिकेट टीम पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की एक पारी में सबसे ज्यादा कैच छोड़ने वाली संयुक्त रूप से पहली टीम बन गई है. हांगकांग ने श्रीलंका के खिलाफ दुबई में खेले गए इस टी20 मैच में कुल 6 कैच छोड़े हैं. इस टूर्नामेंट में हांगकांग ने 12 कैच लिए और 11 कैच छोड़े हैं. इसके साथ ही हांगकांग भारत, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बाद एक टी20 मैच में 6 कैच टपकाने वाली संयुक्त रूप से नंबर 1 टीम बन गई है.

भारतीय क्रिकेट टीम ने साल 2009 में मोहाली में श्रीलंका के खिलाफ मैच में कुल 6 कैच छोड़े थे. दक्षिण अफ्रीका की टीम साल 2017 में केप टाउन में श्रीलंका के खिलाफ 6 कैच छोड़ चुकी थी. ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम भी साल 2024 में स्कॉटलैंड के खिलाफ मुकाबले में ग्रोस आईलेट पर 6 कैच ड्रॉप कर चुकी है. अब इस लिस्ट में हांगकांग नया नाम शामिल हो गया है.

एशिया कप 2025 में श्रीलंका और हांगकांग के बीच हुए मैच में पथुम निसांका और कुशल परेरा जैसे स्टार खिलाड़ियों के कई बार कैच छोड़े गए. अगर ये समय पर आउट हो जाते तो शायद इस मैच की कहानी कुछ और होती.

इस मुकाबले में हांगकांग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए हांगकांग 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 149 रन बनाए. टीम के लिए निजाकत खान ने 38 गेंदों में नाबाद 52 और अंशुमान रथ ने 46 गेंदों में 48 रन बनाए. 150 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका ने 4 विकेट से मुकाबला जीत लिया. श्रीलंका के लिए पथुम निसांका ने 44 गेंदों में 68 रनों की पारी खेली, जबकि वानिंदु हसरंगा ने अंत में केवल नौ गेंदों में नाबाद 20 रन बनाए और टीम को जीत दिलाई. ये श्रीलंका की दूसरी जीत है और उसने सुपर 4 में प्रवेश कर लिया है.

# हाई-सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाना अनिवार्य, नहीं लगाने पर लगेगा फाइन



**धोखाधड़ी कम करने के लिए बदली जा रही नंबर प्लेट**

गंडई पंडरिया (दावा)। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट भारत सरकार द्वारा अनिवार्य की गई एक सुरक्षित एल्यूमीनियम प्लेट है जिसमें एक होलोग्राम, लेज़र-इंग्रेव्ड पिन और एक रंग-कोडित स्टिकर होता है जो वाहन के विवरण को दर्शाता है, जिससे जालसाजी रोकी जा सके और चोरी हुए वाहनों की पहचान की जा सके। छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट को लेकर सख्त हो गया है।

परिवहन विभाग ने सभी जिले को निर्देश जारी किया है कि 1 अप्रैल 2019 के पहले रजिस्टर्ड वाहनों में भी नंबर प्लेट लगवाएं। इसके लिए सरकार ने जिलों के लिए शुल्क भी निर्धारित कर दिया है। लोग 485 रुपए शुल्क पटाकर घर बैठे नंबर प्लेट लगवा सकेंगे। वैसे ही एक स्थानीय बाइक चालक अपने गाड़ी पर नंबर प्लेट मंगवाकर लगवा रहे थे।

गंडई के कंप्यूटर सेंटर ऑपरेटर ने बताया कि लोगों ने अपने वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने के लिए कहीं भटकने की जरूरत नहीं है। वह यह सुविधा निर्धारित शुल्क अदा करके घर बैठे प्राप्त कर सकेंगे। यह नंबर प्लेट एक अप्रैल 2019 से पहले रजिस्टर्ड वाहनों पर लगाना है। इसके लिए मार्च 2025 तक का टारगेट रखा गया है। इसके लिए विभाग द्वारा अधिकृत ऑटोमोबाइल डीलरों को कंपनी द्वारा भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की ओर से पारदर्शिता लाने और धोखाधड़ी कम करने के लिए नंबर प्लेट बदलने की प्रक्रिया की जा रही है। इसके तहत पुरानी नंबर प्लेट को हटाकर उनकी जगह हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाई जाएगी। सरकार ने सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट और कलर कोड स्टीकर लगाना आवश्यक कर दिया है।

### इसलिए जरूरी मोबाइल नंबर

ये मुहिम इसलिए चलाई जा रही है क्योंकि बड़े पैमाने पर व्हीकल रजिस्ट्रेशन कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस कार्ड में दर्ज नंबर में भिन्नता पाई जा रही थी। ऐसी स्थिति में किसी भी गाड़ी को किसी भी अन्य व्यक्ति के नाम ट्रांसफर आसानी से करवाया जा सकता था। कई ऐसे मामले भी सामने आए जिनमें असल गाड़ी मालिक ने बगैर अनापत्ति प्रमाण पत्र के जबरन दूसरे पक्ष पर गाड़ी अपने नाम पर ट्रांसफर करवा लेने के आरोप भी लगाए। मोबाइल नंबर अपडेट होने के बाद अब जब तक आवेदक वन टाइम पासवर्ड नहीं बताएगा तब तक किसी भी प्रकार के आवेदन पर कार्रवाई पूरी नहीं मानी जाएगी।

# चिखली पुलिस ने 16 पौवा सीजी फाईन डिलक्स व्हीस्की व बिक्री की रकम भी जब्त



राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र के आरोपी के पास से 16 पौवा सीजी फाईन डिलक्स व्हिस्की व बिक्री की रकम 120 रुपए जब्त की है। चौकी चिखली प्रभारी कैलाश चंद्र मरई ने बताया कि इन आरोपियों के अलावा गांव में उपद्रव मचाने वाले दो बदमाशों को भी धर दबोचा गया है और उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

श्री मरई ने बताया कि 15 सितंबर को चौकी चिखली पुलिस द्वारा शराब बिक्री करने के संबंध में पुख्ता सूचना के आधार पर शासकीय प्रेस के पास रेड कार्यवाही किया गया। कार्यवाही में आरोपी कैलाश निषाद पिता स्व. बुधराम निषाद उम्र 25 साल निवासी शांतिनगर गली नं. 01 को शासकीय प्रेस के पास में शराब बिक्री करते रंगे हाथ पकड़ा गया जिसके कब्जे से एक सफेद बोरी में 16 पौवा सीजी फाईन डिलक्स व्हीस्की मात्रा 2880 एमएल किमती 1920 रु. बिक्री रकम 120 रु. कुल जुमला 2040 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्यवाही किया गया। इसी प्रकार मंगलवार को ग्राम-तिलई में उपद्रव मचाने वाले दो बदमाशों को आम जनता के साथ लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग करने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने की पूर्ण संभावना पर बदमाश, हिमांशु सिन्हा पिता राजेश सिन्हा उम्र 20 साल तथा चन्द्रहास देवांगन पिता स्व. प्रेमलाल देवांगन उम्र 25 साल दोनों निवासी ग्राम तिलई को पृथक-पृथक धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया।

# वैश्विक अनिश्चितता का असर, सोना की कीमत 1.10 लाख रुपए के पार

नई दिल्ली। सोने की कीमतें मंगलवार को रिकॉर्ड 1,10,000 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के पार निकल गई हैं। इसकी वजह वैश्विक अनिश्चितता के साथ अमेरिकी फेड की ओर से ब्याज दरों में कटौती की संभावना को माना जा रहा है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का दाम बढ़कर 1,10,180 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के डेटा के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत 3,679 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई है, जो कि पहले 3,685 डॉलर प्रति औंस पर थी।

बाजार के जानकारों के मुताबिक, अमेरिकी फेड की बैठक, जिसके नतीजों की घोषणा 17 सितंबर को होगी, में ब्याज दरों को घटाया जा सकता है। इसके साथ ही डॉलर भी कमजोर हो रहा है। इससे वैश्विक स्तर पर सोने और चांदी की कीमतों को सपोर्ट मिल रहा है।देश के ज्यादातर घरेलू बाजारों में 24 कैरेट सोने की कीमत 1.10 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के पार बनी हुई है। 24 कैरेट सोने की कीमत दिल्ली में 1,10,260 रुपए प्रति 10 ग्राम, मुंबई में 1,10,450 रुपए प्रति 10 ग्राम, कोलकाता में 1,10,310 रुपए प्रति 10 ग्राम और चेन्नई में 1,10,770 रुपए प्रति 10 ग्राम है।

# मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत 9 लाख 10 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत 9 लाख 10 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुन्दरा में सीसी रोड निर्माण के लिए 2 लाख 60 हजार रूपए एवं डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम टेका में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को स्वीकृत निर्माण कार्य को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए है।

# धर्मनगरी में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल जिला प्रशिक्षण वर्ग संपन्न



**नगर में बजरंगियों ने निकली पथ संचलन**

डोंगरगढ़ (दावा)। माई की नगरी डोंगरगढ़ में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुआ दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग कच्छ गुर्जर गुजराती भवन में सम्पन्न हुआ जिसमे राजनंदगांव जिले के खंड व प्रखंड के बजरंगियों ने प्रशिक्षण लिया वर्ग में शामिल युवाओं को राष्ट्र धर्म संस्कृति व संगठन की रीति नीति से अवगत कराया गया। वर्ग में प्रथम दिन उद्घाटन सत्र रहा जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में बजरंग दल के प्रांत संयोजक शुभम नाग उपस्थित रहकर युवाओ को मार्ग दर्शन दिया।

समापन सत्र में समरसता भोज का रहा आयोजन साथ ही युवाओ के आवास व भोजन की व्यवस्था प्रखंड डोंगरगढ़ के सहयोगियों द्वारा की गयी जिला स्तरीय वर्ग में विभाग के विभाग मंत्री अनुप श्रीवास, सहसंयोजक सुनील सेन, विहिप जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्निहोत्री उपाध्यक्ष तरुण हथेल, जिला मंत्री त्रिगुण सादानी, जिला सहमंत्री राजेंद्र सिंह, जिला सामाजिक समरसता प्रमुख लाल मुनाई सिंह, धर्माचार्य प्रमुख बाबा जी बौद्ध बजरंग दल जिला संयोजक राहुल मिश्रा, जिला सह संयोजक हनी गुप्ता, विहिप नगर अध्यक्ष बालमुकुंद तराने, नगर मंत्री अभिषेक साहू, प्रचार प्रसार प्रमुख विमल अग्रवाल, नगर संयोजक ऋषभ डकाहा, सहसंयोजक गौरव अग्रवाल, विद्यार्थी प्रमुख कौशल महोबिया विद्यार्थी सह प्रमुख भावेश तराने ने उपस्थित रहकर सहयोग किया व समापन सत्र में नगर में पथ संचालन सम्पन्न हुआ। जिसमें नगर के विश्वनाथ यादव, राजेश दम्माणी, शशिकांत द्विवेदी, कुशाल भाई चावड़ा, अमित जैन, प्रफुल चावड़ा, अशोक चावड़ा, हिमांशु वेगड़, डॉ. राजेश राघोर्ते, जिज्ञाशू टांक, डॉ. प्रभाजन सिंह, मुकुंद मोहन साहू, सौरभ फुले, मुरली साहू, डॉ. महेश तिवारी, पीयूष मलागर व अन्य सभी उपस्थित रहकर सहयोग किया प्रशिक्षण को सफल बनाने के लिए विहिप बजरंग दल प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष सहयोगियों के आभार व्यक्त किया।

**देहरादून में बादल फटा- सहस्त्रधारा में....**

मौसम विभाग ने सात जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। ढूस्ख ने बताया कि देहरादून, चमोली, चंपावत, उधम सिंह नगर, बागेश्वर, पिथौरागढ़ और नैनीताल समेत सात जिलों में 16 सितंबर से भारी बारिश होगी। अगले 48 घंटों तक गर्जना, बिजली चमकने और तेज वर्षा की संभावना है। पर्वतीय क्षेत्रों में लैंडस्लाइड का खतरा बना हुआ है।

चेतावनी के मद्देनजर नैनीताल, देहरादून और पिथौरागढ़ में स्कूल बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। पिथौरागढ़ के धारचूला, डीडी हाट और मुंसियारी ब्लॉकों में भी छुट्टी घोषित की गई। लोगों से अपील है कि अनावश्यक यात्रा टालें और पहाड़ी इलाकों से दूर रहें।

देहरादून में अगले कुछ दिनों में तापमान 22-32 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है, लेकिन बारिश की वजह से उमस बढ़ेगी। पूरे उत्तराखंड में मानसून की विदाई धीमी है, जिससे सितंबर में भी वर्षा जारी रहेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने फोन पर मुख्यमंत्री धामी से स्थिति की जानकारी ली। दोनों ने हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। सीएम धामी ने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री का आभार जताते हुए कहा, उनके मार्गदर्शन में बचाव कार्य तेजी से चलाया जा रहा है। आपदा प्रभावितों के साथ हम पूर्ण प्रतिबद्धता से खड़े हैं। उत्तराखंड में जनजीवन अस्त-व्यस्त है। कई जगहों पर नदियां उफान पर हैं, सड़कें बंद हैं, और संपर्क टूट गया है। एसडीआरएफ, पुलिस और स्थानीय प्रशासन रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहे हैं। जिला अधिकारी प्रेम चंद अग्रवाल ने बताया कि प्रशासन मुस्तैदी से काम कर रहा है। प्रभावितों को हर मदद पहुंचाई जा रही है।

**पाकिस्तान ने ही ट्रंप के दावे की खोल दी पोल.....**

हालांकि भारत लगातार यह कहता रहा है कि पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम पर सहमति दोनों सेनाओं के सैन्य अभियान महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच सीधी बातचीत के बाद बनी थी।

**25 फीसदी टैरिफ खत्म करो, ट्रेड डील....**

हालांकि वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से अगले चरण की वार्ता की शुरुआत की कोई तारीख नहीं बताई गई है, लेकिन माना जा रहा है कि भारत ने अमेरिका से जुर्माने के रूप में वसूले जा रहे 25 प्रतिशत के शुल्क को समाप्त करने के लिए कहा है। अभी अमेरिका में भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत का शुल्क वसूला जाता है। इनमें 25 प्रतिशत पारस्परिक शुल्क है तो 25 प्रतिशत रूस से तेल खरीदने के कारण जुर्माने के रूप में लिया जा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक व्यापार समझौते की वार्ता में भारत अपने किसान, मछुआरे और डेयरी कारोबारियों के हितों से कोई समझौता नहीं करेगा। भारत अमेरिका में गत वित्त वर्ष में 86 अरब डालर का निर्यात किया था जो कुल वस्तु निर्यात का 18 प्रतिशत है। 50 प्रतिशत शुल्क से अमेरिकी बाजार में भारतीय निर्यात का प्रभावित होना तय माना जा रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**गेनजेड प्रदर्शन: जेल से भाग गये नेपाल.....**

ने भागने की कोशिश तक नहीं की। जेन-जी आंदोलन से उपजे हालात ने कारागार प्रबंधन की गंभीर कमजोरियों को उजागर कर दिया है। विभाग ने शेष फरार कैदियों को पकड़ने व संपर्क में लाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। सीमावर्ती शहर के प्रमुख व्यापारिक संगठन टैक्सटाईल्स चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की बैठक अध्यक्ष राकेश कुमार कुशवाहा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पड़ोसी देश नेपाल में जेन जी के प्रदर्शन के बाद नेपाल में राजनीतिक उथल-पुथल से सीमावर्ती बाजार के व्यापार पर इसका गंभीर असर पड़ा है, जिसपर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। नेपाल के प्रमुख पर्व दशहरा की तैयारी एक माह पूर्व ही शुरू हो जाती है। जिसको लेकर व्यापारी भी तैयारी कर चुके थे। बाजार सजने लगे थे। बंदी के कारण नेपाल से खरीदारी करने आने वाले देशी-विदेशी पर्यटक नहीं पहुंचे, जिसका असर बाजार पर प?ा है। व्यापारियों को इस आर्थिक संकट से बाहर निकालने पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई।

इसकी जानकारी व्यापारिक संगठन के महासचिव शंभु प्रसाद चौरसिया ने दी। बताया कि व्यापारिक क्षति की भरपाई कठिन है। स्थिति में सुधार हो रहा है। पर्यटकों का आगमन हुआ, तो थोड़ी राहत मिल सकती है। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष नितिन कुमार, कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार शाह, उपाध्यक्ष दिनेश प्रसाद, सहसचिव गिरधारीलाल श्रीवास्तव, रमेश कुमार गुप्ता, अंकेक्षक मोहम्मद निजामुद्दीन, सह कोषाध्यक्ष कृष्णा साह, कार्यक्रम परियोजना सह-संयोजक विश्वनाथ प्रसाद तथा अजय कुमार आदि उपस्थित थे। व्यापारियों ने पड़ोसी देश नेपाल मे अमन-चैन एवं सुख-शांति की कामना की। नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की को शुभकामनाएं एवं आंदोलन में शहीद युवकों को श्रद्धाजंलि दिया। इस बैठक में चैंबर के सदस्यों की संख्या में वृद्धि के लिए उपाध्यक्ष दिनेश प्रसाद के संयोजन में एक कमेटी बनाई गई। व्यापारिक हितार्थ गतिविधियों के साथ-साथ समाजसेवी क्रियाकलापों को करने पर विचार-विमर्श हुआ। सर्वसम्मति से निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाने का निर्णय लिया गया।

**युद्ध की पारंपरिक अवधारणाओं से आगे....**

सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में दिए गए जेएआई यानी जय (संयुक्तता, आत्मनिर्भरता व नवाचार) के मंत्र पर काम करने की आवश्यकता है।

उन्होंने भविष्य की जरूरतों को देखते हुए उद्योग और शिक्षा जगत से गहरे जुड़ाव की भी वकालत की। रक्षा मंत्री ने एक मजबूत रक्षा नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र बनाने और निजी क्षेत्र की भूमिका को और अधिक बढ़ाने की आवश्यकता जताई ताकि भारत का रक्षा उद्योग दुनिया में सबसे बड़ा और सबसे श्रेष्ठ बन सके।

0 नागरिक-सैन्य समन्वय पर विशेष बल

रक्षा मंत्री ने भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए सशस्त्र बलों के साथ-साथ अन्य एजेंसियों के बीच संयुक्तता और तालमेल के महत्व पर भी जोर देते हुए इसे आवश्यक बताया। उन्होंने रक्षा क्षेत्र में एकीकरण और संयुक्तता को बढ़ावा देने के लिए त्रि-सेवा लाजिस्टिक्स नोड्स और त्रि-सेवा लाजिस्टिक्स प्रबंधन एप्लिकेशन के निर्माण का उल्लेख किया। साथ ही कहा कि नागरिक-सैन्य सहयोग को भी बढ़ाया जा रहा है।

0 ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का किया जिक्र

रक्षा मंत्री ने आपरेशन सिंदूर की सफलता का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आपरेशन सिंदूर ने प्रदर्शित किया है कि शक्ति, रणनीति और आत्मनिर्भरता ही 21वीं सदी के भारत की असली ताकत हैं। भारत अब अपनी देशी तकनीकों, प्लेटफॉर्मों और बहादुर सैनिकों के बल पर किसी भी चुनौती से निपटने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत कोई नारा नहीं, बल्कि रणनीतिक स्वतंत्रता के लिए अनिवार्यता है, जो न सिर्फ देश की रक्षा क्षमता बढ़ा रहा है बल्कि स्वदेशीकरण, रोजगार, आर्थिक विकास और रक्षा उद्योग का विस्तार भी कर रहा है। रक्षा मंत्री ने रक्षा खरीद नियमावली 2025 को अपनी मंजूरी देने की भी जानकारी दी, जिसका उद्देश्य खरीद प्रक्रिया को सुगम, पारदर्शी और तेज बनाना है। उन्होंने कहा कि रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया 2020 को भी संशोधित किया जा रहा है ताकि सशस्त्र बलों को जल्द से जल्द आपरेशनल मजबूती दी जा सके।

इस अवसर पर सीडीएस जनरल अनिल चौहान, थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, रक्षा उत्पादन सचिव संजीव कुमार, डीआरडीओ चेयरमैन डॉ समीर वी. कामत और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

**2047 का विजन तभी सफल, जब देश हो....**

लाने जा रहा है। शाह ने देशभर में जब्त की गई 4,794 करोड़ रुपये की ड्रग्स को नष्ट करने की प्रक्रिया भी शुरू की। उन्होंने कहा कि एनसीबी जीएसटी विभाग, राज्य ड्रग्स नियंत्रकों, आयकर विभाग और वित्तीय संस्थानों से लगातार समन्वय कर रही है ताकि ड्रग्स नेटवर्क की पूरी तस्वीर सामने लाई जा सके। उन्होंने इस लड़ाई को केवल सरकार की नहीं बल्कि पूरे समाज की लड़ाई बताया। शाह ने कहा कि पीएम मोदी का विजन है कि 2047 तक भारत हर क्षेत्र में दुनिया का नंबर एक राष्ट्र बने। इसके लिए युवा पीढ़ी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि अगर युवा दृढ़ संकल्पित हों तो कुछ भी असंभव नहीं है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी आने वाली पीढ़ियां नशे की दलदल में न फंसें। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार देश से ड्रग्स के खतरे को मिटाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने एएनटीएफ प्रमुखों के सम्मेलन में कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवाओं को नशे से बचाना जरूरी है। शाह ने ड्रग्स के तीन स्तर के कार्टेल पर कड़ा प्रहार करने, विदेशी तस्करों को प्रत्यर्पित करने और जब्त ड्रग्स को नष्ट करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# शहर सहित जिले भर के थानेदार व उपनिरीक्षकों का किया तबादला

**कोतवाली में नंदकिशोर गौतम होंगे नए टीआई**

राजनांदगांव (दावा)। पुलिस विभाग द्वारा शहर सहित जिले भर के थाना प्रभारियों सहित उप थाना प्रभारियों को इधर से उधर किया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा प्रशासनिक दृष्टिकोण से किए गए थानेदारों का तबादला आगामी आदेश पर्यन्त, अस्थाई तौर पर उनके नाम के सम्मुख दर्शित वर्तमान पदस्थापना से नवीन पदस्थापना स्थान में पदस्थ किया गया है।

### नंदकिशोर गौतम होंगे कोतवाली थाना प्रभारी

इस स्थानांतरण कार्रवाई में शहर के रक्षित केंद्र में पदस्थ निरीक्षक नंद किशोर गौतम को शहर कोतवाली थाने का प्रभार दिया गया है वहीं यहां पदस्थ रहे निरीक्षक रामेंद्र सिंह को अन्यत्र भेज दिया गया है। इसी तरह चिचोला चौकी प्रभारी कृष्णा पाटले को डोंगरगांव थाना, रक्षित केंद्र के निरीक्षक रमेश कुमार पटेल को छुरिया थाना, विधि शाखा में पदस्थ रहे ढाल सिंह साहू को बागनदी थाना, रक्षित केंद्र के निरीक्षक कौशलेश देवांगन को गैंदाटोला थाना, थाना कोतवाली के निरीक्षक योगेश कुमार पटेल को चिचोला चौकी प्रभारी व जोड़ चौकी प्रभारी संतोष कुमार जायसवाल को मुड़िया-मोहारा चौकी का प्रभार दिया गया है। तबादले के इस क्रम में निरीक्षक नवरतन कश्यप को यातायात से प्रभारी यातायात बनाया गया है, वहीं शहर रक्षित केंद्र निरीक्षक लक्ष्मण भगत को अजाक का यातायात प्रभारी तथा प्रभारी डीआरजी निरीक्षक मिलन सिंह को शहर के कोतवाली थाना व थाना बागनदी के उप निरीक्षक सतउ राम नेताम को जोड़ चौकी प्रभारी बनाया गया है।

# युगांतर के तीन विद्यार्थियों का लिटिल मास्टर शतरंज में शानदार प्रदर्शन

राजनांदगाँव (दावा)। शिक्षा, खेल और संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल के छात्र कुशाग्र गुप्ता कक्षा छठवी, केतन गुप्ता, सक्षम जांगड़े कक्षा आठवी ने लिटिल मास्टर शतरंज चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए विशेष पुरस्कार अर्जित किया। इन तीनों विद्यार्थियों को भारत के तीसरे ग्रेंड मास्टर प्रवीण थिप्से के मुख्य आतिथ्य में विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया गया। विगत दिवस लिटिल मास्टर शतरंज चैम्पियनशिप छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ और अंबुजा सिटी मॉल के संयुक्त तत्वावधान में रायपुर में आयोजित हुई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह, शतरंज कोच रामप्रसाद पाल तथा प्रबंध समिति ने इन तीनों विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com